श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 222, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 11 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता सौंपी






## 'ब्रिक्स' में विस्तार की हां तो 'जी20' में ना




***चीन इस कोशिश में लगा है कि ब्रिक्स का विस्तार किया जाए। इसी के चलते अब इस संगठन में मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना को शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य-पूर्व, अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका में इस समूह का प्रतिनिधित्व बढ़ जाएगा। इन देशों की सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। अभी तक ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। 'ब्रिक्स' के तहत आने वाले विश्व के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों में वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत हिस्सा है। वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 16 फीसदी प्रतिनिधित्व है। दूसरी तरफ चीन, जी20 के विस्तार के हक में नहीं था। वजह, यहां पर कई बड़े देश उसे टक्कर दे सकते हैं। चीन की इस नीति को समझते हुए भारत ने 'एयू' को जी20 का स्थायी सदस्य बनवाया है। जी20 देश, अब विश्व की अर्थव्यवस्था में लगभग अस्सी फीसदी की हिस्सेदारी रखेंगे। जी20 शिखर सम्मेलन में पहले कहा जा रहा था कि 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' की घोषणा अटक सकती है, लेकिन पीएम मोदी ने 112 मुद्दों पर सहमति बनाकर दुनिया को चौंका दिया है। भारत ने अपनी कूटनीति से जहां अफ्रीकी देशों में चीन की साजिश को तोड़ने का प्रयास किया है, रूस-यूक्रेन युद्ध की छाया के बीच 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' पर सहमति का रास्ता भी निकाल लिया।***

# भारत ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता से जुड़ा गैवल सौंपा



**नई दिल्लीः भारत** ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता से जुड़ा गैवल सौंप दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि भारत ने आगामी जी20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि ब्राजील समर्पण और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करते हुए वैश्विक एकता के साथ-साथ समृद्धि को भी आगे बढ़ाएगा। इससे पहले जी20 का अंतिम और तीसरा सत्र "एक भविष्य" के विषय पर केंद्रित था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वैश्विक गांव के विचार से परे देखने और वैश्विक परिवार की दृष्टि को वास्तविकता बनाने की समय की मांग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण रखना पुराना हो गया है। अब समय आ गया है कि प्रगति का मानव केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाया जाए। भारत इस संबंध में कई प्रयास कर रहा है, खासकर डेटा और प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में। हमें सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एआई का उपयोग करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, वह करना चाहिए। जैसे-जैसे हम अपने विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं, हमें स्थिरता पर अपना ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। इससे हाशिये पर मौजूद लोगों का सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा।

जनवरी 2024 में आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडनः जी-20 में शामिल होकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बेशक वियतनाम के लिए रवाना हो गए हों, लेकिन अब भारत को उनके अगले साल दनवरी में आने का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइडन को जनवरी 2024 में भारत आने का न्यौता दिया है। जो बाइडन ने सहृदयता के साथ इसे कुबूल कर लिया है। भारत की कोशिश है कि जनवरी 2024 में क्वाड के दो अन्य सदस्य देश जापान और आस्ट्रेलिया भी भारत आएं, जो बाइडन गणतंत्र दिवस के मेहमान बनें और भारत में गणतंत्र दिवस के आस-पास क्वॉड की बैठक हो। यह नई दिल्ली की एक बड़ी कूटनीतिक कोशिश है। चीन इस फोरम से को नापसंद करता आया है। वह इसे अपने विरुद्ध इन देशों की गोलबंदी मानता है। कूटनीतिक गलियारे में माना जाता है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते पर चीन की नजर रहती है। चीन इसे अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार की प्रतिद्वंदिता के रूप में देखता है।

एशिया में चीन के बाद भारत के पास ही हर मोर्चे पर दूसरे नंबर की क्षमता है। हालांकि अमेरिका, चीन और भारत के रिश्ते में आपसी विश्वास का संकट भी है। विदेश मंत्रालय के कई पूर्व राजनयिक इस विश्वास के संकट की संभावना से इनकार नहीं करते। एक पूर्व विदेश सचिव कहते हैं कि इस समय अमेरिका और चीन का लक्ष्य अलग-अलग है। इसका असर दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। दोनों बड़े देश अपनी-अपनी गोलबंदी में जुटे हैं। चीन की सऊदी अरब समेत कई देशों से करीबी बढ़ रही है। यह अमेरिका को पसंद नहीं आ रहा है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की तरह ही चीन के भी बाजार और अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है। वहां बेरोजगारी और घरेलू समस्या बढ़ रही है। और इन सभी का एक बड़ा कारण अमेरिका और चीन की आपसी दूरी है। लेकिन यदि दोनों देशों में पहले की तरह आपसी रिश्ते फिर पटरी पर आ गए तो फिर भू-राजनैतिक परिस्थिति बदल जाएगी। बताते हैं कि इस स्थिति से केवल भारत ही सावधान नहीं है, बल्कि चीन भी है। अमेरिका को भी चीन और भारत के संबंधों को लेकर चिंता है। मसलन, शी जिनपिंग के इस कार्यकाल में भारत और चीन के बीच में तालमेल घटा है। यह स्थिति भारत और अमेरिका के लिए एक अवसर की तरह है। हालांकि इसका भारत पर भी असर पड़ रहा है। भारत और अमेरिका के बीच में इसके कारण विश्वसनीय, सहयोग और साझीदारी के रिश्ते आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन यदि कल भारत और चीन में संबंध ठीक हो गए तो इससे अमेरिका को भी झटका लगना तय है। बताते हैं कि इससे अमेरिका के रणनीतिकार भी सशंकित हैं। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि रूस से रिश्ते की कीमत पर अमेरिका की तमाम इच्छाओं को भारत ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था।

## जी-20: भारत मंडपम का शिल्प बाजार विदेशी अतिथियों को भाया

**नई दिल्ली: जी**-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आए विदेशी मेहमानों को भारत मंडपम का शिल्प बाजार खासा पसंद आया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र के पास सजाए गए शिल्प बाजार में बड़ी संख्या में देश-विदेश के पत्रकार भी पहुंचे। इन लोगों भारत की संस्कृति, परिधान और रहन-सहन को समझने की कोशिश की। कुछ ने खरीदारी भी की। 'विवार को शिल्प बाजार में अमेरिकी पत्रकार पारिस हुआंग से बातचीत की। हुआंग पहली बार भारत आए हैं। सम्मेलन के समापन के बाद सीधे अमेरिका लौट जाएंगे। इसकी कसक उनके अंदर दिखी। उन्होंने कहा वह भारत घूमना चाहते थे पर संभव नहीं हो सका। शिल्प बाजार में घूमकर भारतीय रहन-सहन और खान-पान को समझने की कोशिश की। सभी 30 काउंटर पर गए।

## भारत की अध्यक्षता में जी-20 की सफलता पर अजय बंगा ने की तारीफ

**नई दिल्ली**

**भारत की** अध्यक्षता में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन का अयोजन संपन्न हो गया है। भारत की अध्यक्षता की विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने रविवार को जमकर तारीफ की। अजय बांगा ने कहा कि भारत ने जी-20 की अध्यक्षता में दुनिया के लिए एक नया आयाम तय किया है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन नई दिल्ली घोषणापत्र पर सभी देशों की आम सहमति आसानी से बना ली।



अजय बंगा ने कहा, ह्यदुनिया की 80 फीसद जीडीपी कमरे में बैठी हुई थी। अगर वे किसी विषय पर सहमत नहीं होते, तो इससे अच्छा संदेश नहीं जाएगा। मैं वास्तव में घोषणापत्र पर आम सहमति बनाने में सक्षम होने के लिए भारत, उसके नेतृत्व और जी-20 लीडर्स की सराहना करता हूं। विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि हर देश अपना फायदा देखता है लेकिन मैंने इस सम्मेलन में जो मूड देखा, उससे मैं आशावादी हूं।

## फ्रांस ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भारत की सदस्यता को दिया समर्थन

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के बाद दोपहर के भोज पर मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने आपसी रिश्तों में हुई प्रगति की समीक्षा की।



मुलाकात के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने सहयोग का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर समग्र प्रगति और अगले कदमों पर चर्चा की।

### मुख्यमंत्री ने 1.31 करोड़ महिलाओं के खाते में अंतरित किए 1269 करोड़ रुपये

## लाड़ली बहना केवल योजना नहीं, एक आंदोलन है: शिवराज

**ग्वालियर/भोपालः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना केवल योजना नहीं हैं, बल्कि एक आंदोलन है। जब तक सांस रहेगी, तब तक इस योजना को चलाऊंगा। यह योजना बहनों के दुख दूर करने का आंदोलन है। हर खुशी देने का आंदोलन है। मैंने पैसा नहीं सम्मान दिया है। बहनों के लिए कई तरह के काम शुरू करुंगा। बहनों को गरीब नहीं रहने दूंगा। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को संगीत की नगरी ग्वालियर के फूलबाग मैदान में आयोजित ह्राज्य स्तरीय महिला



हितग्राही सम्मेलनह्व को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की 1.31 करोड़ से अधिक बहनों के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की चौथी किश्त की 1269 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगभग 380 करोड़ रुपये लागत के 23 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इनमें लगभग 39 करोड़ रुपये लागत के 9 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 341 करोड़ रुपये लागत के 14 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री चौहान ने रविवार को दोपहर में ग्वालियर पहुंचकर सबसे पहले अचलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद उन्होंने जनदर्शन यात्रा (रोड शो) शुरू की।

## आज परिषदीय स्कूलों में आयोजित होगी निपुण आंकलन परीक्षा

**लखनऊः 'निपुण** भारत मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार सोमवार से निपुण आंकलन परीक्षा का आयोजन करने जा रही है। 11 से 16 सितम्बर 2023 तक चलने वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 1-5 तक के बच्चों का भाषा एवं गणित विषयों का तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का आंकलन किया जाएगा। खास बात ये है कि परीक्षा सरल एप के माध्यम से ली जाएगी और पहली बार बच्चे ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब देंगे।

### जी 20 समिट अपने लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ चली है: सीएम

## वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर 'मील का पत्थर' साबित होगी: सीएम

**लखनऊ**

**जी 20 स**मिट के सफल समापन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को इसका श्रेय देते हुए समिट को दुनिया के लिए मील का पत्थर करार दिया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर अपने हैंडल से पोस्ट की श्रृंखला के माध्यम से इस भव्य आयोजन के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की और साथ ही समिट में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से अपनाए जाने को ऐतिहासिक बताते हुए सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों का आभार जताया।

निर्णयों को सर्वसम्मति के साथ अपनाया जाना ऐतिहासिकः सीएम योगी ने जी 20



हैशटैग का उपयोग करते हुए अपने पहले पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई जी 20 समिट अपने लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ चली है। वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर भाव की सिद्धि में यह समिट 'मील का पत्थर' साबित होगी। अपनी दूसरी पोस्ट में उन्होंने सदस्य देशों का आभार जताया। उन्होंने लिखा, भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को जी 20 के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति के साथ अपनाया जाना ऐतिहासिक है। समृद्ध भविष्य के लिए सहयोग की भावना के साथ किए गए इन प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ जी 20 के सभी सदस्यों का आभार।

## पीएम मोदी करोड़ों के काफिले में चल रहे हैं : प्रियंका

**टोंक**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सियासी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री अपने आप को भूमि पुत्र कहते थे वो करोड़ों के काफिले में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग सत्ता में आते ही भूल जाते हैं, उन्हें सत्ता में कौन लाया है। गहलोत सरकार की तारीफ करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि महंगाई से आमजन को राहत दिलाने के लिए राजस्थान सरकार कैंप लगा रही है। प्रियंका ने राजस्थानी में भाषण की शुरूआत करते हुए डिग्गी कल्याणजी और धन्ना भगत के जयकारे लगवाए।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को टोंक जिले के निवाई में सभा को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने इंदिरा रसोई ग्रामीण लॉन्च की और लाभार्थियों से संवाद किया। उल्लेखनीय है कि अब तक शहरों में आठ रुपये में खाने की योजना चल रही थी। इसी तर्ज पर अब कस्बों और गांवों में भी एक हजार इंदिरा रसोई के माध्यम से आठ रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रियंका ने कहा कि यह चुनाव राजनीतिक दलों के बीच का चुनाव नहीं है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेले में मरीजों की हुई जांच दी गई दवाइयां

**सहसों।** प्रदेश भर में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं लाभकारी योजनाओं में मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेला लगाकर सभी प्रकार के मरीजों को देखकर उनके स्वास्थ्य की जांच तथा दवाइयां के साथ उचित परामर्श दिया जा रहा है। इसी प्रकार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों में मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कमला नेहरू अस्पताल प्रयागराज के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सपन श्रीवास्तव एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति चौहान ने संभावित कैंसर रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। आरोग्य मेले में कुल 164 मरीज देखे गए। जिसमें संभावित मुह के कैंसर के 12, संभावित सर्वाइकल कैंसर के 9, संभावित स्तन कैंसर के दो मरीज देखें गए। इसके अतिरिक्त 52 विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच कर उचित परामर्श के साथ दवाइयां दी गई। स्वास्थ्य मेले में डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अमृत लाल यादव ने पहुंचकर निरीक्षण किया तथा कई मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान समय में संक्रमण एवं बीमारियों से बचाव के लिए शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विमल चौरसिया, आयुष चिकित्सक डॉक्टर सहला, डॉक्टर ए पी सिंह, रमाकांत, कमल भानु , गायत्री, स्टाफ नर्स रोमी सिंह, मीरा, सियाराम सहित आशा एवं एनम ने स्वास्थ्य परीक्षण में लोगों का सहयोग करते उपस्थित रहे।

# संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर लटकती मिली विवाहिता की लाश

## विवाहिता के मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, मृतका अंजू के पिता की तहरीर पर सास, देवर व नन्द के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा



थाने में तहरीर देने आए मृतका के परिजन तथा इन्सेट में मृतका अंजू की फाइल फोटो

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के पिलखुआ ग्राम सभा के राघव सराय में संदिग्ध परिस्थितयो में एक विवाहिता का कमरे में लगा चुल्ले से लटकता शव देख कर हड़कंप मच गया ।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को ग्रमीणों की मदद से नीचे उतारा गया।वही सूचना पर कर पहुचे विवाहिता के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाने लगे और लाश रोक कर हंगामा करने लगे पुलिस द्वारा काफी समझने बुझाने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए कर मृतका के पिता की तहरीर पर तीन के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कखरी गांव निवासी अमरजीत सरोज पुत्र स्व सीता राम अपनी पुत्री अंजू देवी 24 वर्ष की शादी पिलखुआ ग्राम सभा के राघव सराय निवासी आदर्श पुत्र अशोक कुमार के साथ चार वर्ष पूर्व अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर किया था।आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही दहेज लोभी ससुरालियों द्वारा दहेज में बुलट बाइक व मोटी सोने की चेन मांग कर रहे थे।बताया गया कि कई बार मृतका अंजू को ससुरालियों ने मार पीट कर घर से भगा दिए थे मृतक अंजू के दो बच्चे है लड़की दो वर्ष परी व सात माह कर एक लड़का है जिस का अभी नाम करण नही हुआ है।मृतका अंजू केपिता ने बताया कि अंजू के दोनों बच्चों के भविष्य को देखते हुए गांव में काफी लोगो के समझाने पर बिदाई कर दिए थे।मृतका अंजू के पति का पैर टूट गया है उस मे हम ने पच्चास हजार रुपया दिया था कि हमारी बेटी को खुश रखे।रविवार को सुबह 6 बजे सूचना मिली कि अंजू की मृत हो गई है।जब जाकर देखा तो अंजू देवी की लाश कमरे में लगे चुल्ले से लटक रही थी।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को ग्रामीणो की मदद से नीचे उतारा गया।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। उधर मृतका के पिता ने थाने में तहरीर दे कर मृतका अंजू के सास व नन्द सरोजा देवी,देवर सोनू के खिलाफ धारा 498 अ,304 का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मृतका अंजू की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।और सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोर का शव

## परिजनों ने नहीं करवाया पोस्टमार्टम, पुलिस ने पंचनामा भरकर परिजनों को सौंपा शव

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनानगर सर्किल के मवैया पहलवान ग्राम में एक किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। मामले की जानकारी होते ही घर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर फोर्स मौके पर पहुंची। हालांकि, परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम नहीं करवाने का अनुरोध किया। इस पर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने की अनुमति दे दी। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के मवैया पहलवान निवासी हेमराज आदिवासी का बेटा आदेश आदिवासी (17) अब से चार माह पहले रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेश गया था। कुछ दिन पहले ही वह अपने गांव लौटा था। आदेश आदिवासी के पिता हेमराज भी दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं।

बताया जाता है कि बीती रात आदेश आदिवासी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। इस मामले की जानकारी रविवार सुबह लोगों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान मंगलेश सिंह को मिली तो वह मौके पर पहुंचे। परिजनों का कहना था कि हम शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे। परिजनों के अनुरोध पर ग्राम प्रधान ने थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह से बात की और बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं चाहते। इस पर थानाध्यक्ष ने कहा, पंचनामा भरकर शव का अंतिम संस्कार करवा सकते हैं। फिलहाल आदेश के परिजन अभी पिता हेमराज के घर आने का इंतजार कर रहे हैं। आदेश आदिवासी पांच बहनों के बीच में इकलौता भाई था। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

# शिक्षा बच्चों के उज्जवल भविष्य की है कुंजी : उषा कुमार

## बच्चों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और उनके परिवारों को सशक्त बनाना ही उद्देश्य, मेजा ऊर्जा निगम की कल्याण शाखा ने बाल सृजन संध्या स्कूल की शुरूआत की

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** गरीब बच्चों को शिक्षित कर उन्हें सशक्त बनाने की पहल की शुरूआत हो चुकी है। शिक्षा हमारे बच्चों के उज्जवल की कुंजी है हम युवा मनों की प्रतिभाओं को पोषण करने उन्हें उनके हिस्से की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित हैं उक्त उदगार मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड की कल्याण शाखा अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती उषा कुमार ने बाल सृजन संध्या ट्यूशन कक्षाओं के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेजा ऊर्जा निगम की इस सराहनीय पहल से सृजन बिहार की हाउसमेट्स के बच्चों को महत्वपूर्ण शिक्षा और समर्थन प्रदान करना है। श्रीमती कुमार ने कहा कि बाल सृजन संध्या ट्यूशन कक्षाओं का उद्देश्य शिक्षा की कमी पूरा करना साक्षरता दर बढ़ाना और ऐसे बच्चों की सामाजिक आर्थिक चुनौतियों को कम करना है। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कुंजी है। हम इन युवा मनों की प्रतिभाओं को पोषण करने और उन्हें उनके हिस्से की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समर्पित हैं। श्रीमती उषा कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवा शिक्षार्थियों दी गई स्टेशनरी आइटम्स और खाद्य पैकेट्स हमारे प्रयासों की शुरूआत है ताकि हम इन बच्चों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सके और उनके परिवारों को सशक्त बना सकें। उनका मानना है कि संध्या ट्यूशन कक्षाएं बच्चों को विद्यार्थी जीवन में उत्तराधिकारी बनाने के लिए एक सुरक्षित और उपयुक्त शिक्षा का वातावरण प्रदान करेगी। श्रीमती कुमार के मुताबिक स्वयं सेवक शिक्षा कार और मार्गदर्शक बच्चों के अध्ययन में मार्गदर्शन करेंगे और उन्हें मानवीय समर्थन भी प्रदान करेंगे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत माटी संग्रह कार्यक्रम आयोजित

**मेजा।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत विकास खंड मेजा के गुनई गहरपुर गांव के महाराज दंडी स्वामी केशवाश्रम विद्यालय में माटी संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें गांव के सभी महिला पुरुष अपने घर से मिट्टी लाकर अमृत कलश में रखा। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि गांव की मिट्टी से भरा अमृत कलश जब दिल्ली के अमृत वाटिका में अपनी सहभागिता देगी तो एक भारत श्रेष्ठ भारत में गुनई गहरपुर भी भागीदारी बनेगी।उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से जन आंदोलन बन जाता है।जिस तरह से देश के किसान एक होकर लोहा एकत्र किया तो लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा बनी। उसी तरह से देश की माटी से देश की आजादी में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों की याद में दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी।यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी भव्य प्रतीक बनेगी।इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को पंच प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना का होने के लिए शपथ दिलाई।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पांडेय,पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्नन शुक्ल ने अपने विचार रखते हुए आगामी 24 के चुनाव की याद दिलाई।इससे पूर्व मुख्य द्वारा श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ल ने अपनी साहित्यिक भाषा में लोगों को मेरी माटी मेरा देश,अमृत कलश और पंच प्रण के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया।उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का उद्देश्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के जुड़ाव की अवधारणा के माध्यम से लोगों के बीच बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम के संयोजक स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार द्विवेदी और अध्यक्षता प्रधान पंकज राव ने किया।इस मौके पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रूपनारायण मिश्र,मंडल महामंत्री कमलेश मिश्र,मंडल मंत्री संजय तिवारी,प्रधान भुसका रामजी यादव,समाजसेवी शेषमणि शुक्ल,अतुल द्विवेदी,देवकर पांडेय,भोलानाथ पाठक,प्राणनाथ पांडेय सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अमृत कलश यात्रा से घर- घर देश भक्ति की भावना जागृत होगी : नित्यानंद उपाध्याय



**मेजा।** शनिवार को जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती के नेतृत्व में मेरी माटी- मेरा देश द्वितीय चरण के अंतर्गत "जन भागीदारी से जन आंदोलन" मुहिम द्वारा अमृत कलश यात्रा मेजा मंडल के पांती गांव में निकाली गई।उन्हों बताया कि अमृत कलश यात्रा के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न गांव में घर-घर जाकर मिट्टी एकत्रित किया गया।जिलाध्यक्ष ने बताया कि "मेरी माटी मेरा देश "के तहत मेजा विधानसभा के मेजा मंडल में सेक्टर सोरांव पांति के ग्रामसभा में विधानसभा संयोजक पंडित नित्यानंद उपाध्याय के आवास से जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारती जी द्वारा अमृत कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम सभा के समस्त घरों से कलश में हर घर से मिट्टी ली गई ,अध्यक्ष ने कहा कि कलश नई दिल्ली स्थित शहीद पथ पर पहुचाई जाएगी ।इस मिट्टी से शहीदों के लिए शहीद पथ पर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष भाजपा कामेश्वर पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस मौके पर जय शंकर पांडेय ,राजू शुक्ल ,मंडल महामंत्री राजीव तिवारी,अखिलेश अवस्थी,महेश तिवारी,रविन्द्र तिवारी,मनीष उपाध्याय, रमा शंकर निषाद,भाजपा के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

### गांव की नालियों की सफाई नहीं करता सफाई कर्मी, शिकायत



**करछना।** विकासखंड चाका के ग्राम सभा बलापुर में सफाई कर्मी के द्वारा जीरिया बाग रमेश ठेकेदार के घर के सामने से लेकर राजेंद्र संतोष महेश विनोद के घर के सामने की नाली को ना साफ किए जाने से गंदगी फैल रही है जिससे वहां रह रहे लोगों में डेंगू फैल रहा है डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं वहां के सफाई कर्मी अश्वनी कुमार को नाली साफ करने के लिए कहने पर कहता है मैं तुम्हारा नौकर हूं क्या जो करना है कर लो जिसके पास जाना हो जाओ ऐसा कह के लोगों को भगा देता है और मनमाने ढंग से आता है कि नहीं आता है इसकी कोई जानकारी नहीं है वहां बस रहे सभी लोगों में डर है कहां जाएं और किससे अपनी समस्या का हाल बताएं और कई लोगों को डेंगू हो गया है उक्त जानकारी के संबंध में को ग्राम सभा सचिव अजय राणा व ग्राम सभा बीडीसी दिनेश मौके पर गए और वहां का निरीक्षण किया उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

### बलापुर में सफाई कर्मी की मनमानी से लोग परेशान



**नैनी।** नैनी विकासखंड चाका के ग्राम सभा बलापुर में सफाई कर्मी के द्वारा जीरिया बाग रमेश ठेकेदार के घर के सामने से लेकर राजेंद्र संतोष महेश विनोद के घर के सामने की नाली को ना साफ किए जाने से गंदगी फैल रही है जिससे वहां रह रहे लोगों में डेंगू फैल रहा है डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं वहां के सफाई कर्मी अश्वनी कुमार को नाली साफ करने के लिए कहने पर कहता है मैं तुम्हारा नौकर हूं क्या जो करना है कर लो जिसके पास जाना हो जाओ ऐसा कह के लोगों को भगा देता है और मनमाने ढंग से आता है कि नहीं आता है इसकी कोई जानकारी नहीं है वहां बस रहे सभी लोगों में डर है कहां जाएं और किससे अपनी समस्या का हाल बताएं और कई लोगों को डेंगू हो गया है उक्त जानकारी के संबंध में दिनांक 4 8 2023 को ग्राम सभा सचिव अजय राणा व ग्राम सभा बीडीसी दिनेश मौके पर गए और वहां का निरीक्षण किया उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### मवेशियों से स्थानीय लोग परेशान, नगर निगम में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही



**नैनी।** नैनी काजीपुर, चौरासीपुरम कालोनी, नैनी में आवारा पशुओं से क्षेत्रीय लोग परेशान है, कब किसे अपना शिकार बना ले कुछ कहा नहीं जा सकता, लोग डरे और सहमे हुए है, अपने घरों से निकलने से डरते है। कुछ दिन पहले ही मवेसी आपस में लड़ रहे थे हुए दूसरी दुकान पर खड़ी महिला से जा टकराया, ऐसी घटना यहाँ पर आम हो गयी है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोग कई बार नगर निगम के चक्कर लगा चुके है सम्बंधित अधिकारीयों से उक्त प्रकरण के बारे में बताया भी है पर अभी तक कोई सुधी लेने वाला नहीं है, इसमें कुछ लोग ऐसे भी है जो अपने जानवर को दिनभर बाहर छोड़ देते है। जिसकी वजह से महिलायें और बच्चे घर से निकल नहीं पाते हैं। समाजसेवी मंटू सिंह बताते हैं कि नगर निगम में कई बार जाकर शिकायत किया हूँ उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे क्षेत्रवासियों में रोश व्याप्त है। यदि कोई घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारी होंगे। इससे पहले उक्त प्रकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए जनसमस्याओं को सुना जाये एवं इसपर नगर निगम के अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। अन्यथा कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में तरौल ग्राम सभा से सांसद : डॉ रीता जोशी ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत करछना विधान सभा के तरौल ग्राम सभा में कलश यात्रा का शुभारंभ किया। उनके साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमेश चंद्र मिश्रा, कलश यात्रा लेकर अगुवाई की जिसमें सैकड़ो ग्राम वासियों के साथ हर घर से मिट्टी एकत्र की गई। क्रार्यक्रम में लोक गीत एवम बिरहा गायक कलाकार रघुराज यादव एवम बृजभान यादव , विभव यादव , ने अलग अलग गीतों के माध्यम से देश की सीमा पर पहरे दारी कर रहे बीरो की गाथा का वर्णन करते हुए वीर सपूतों को सलामी दी तो देश के भीतर किसानों के बारे में गीत के माध्यम से जय जवान जय किसान के नारे लगाए। इस अवसर पर सांसद ने वृक्षारोपण करते हुए। कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाएं , पुरुष , युवाओं एवं बच्चों सभी को हर घर वृक्ष लगाने के लिए पंच प्रण की सपथ दिलाई। कहा कि आजादी का अमृतकाल एक ऐसा अवसर है जिसमे भारतवासियों को संकल्प लेना चाहिए। सांसद प्रो जोशी ने कहा कि 15 सितंबर से सभी ग्रामों से कलश ब्लॉक पर एकत्रित करे जायेंगे जहां भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। तदोपरांत माटी को एक कलश में स्थांतरित कर जिला स्तर पर और फिर प्रदेश की राजधानी में प्रदेश अध्यक्ष भा ज पा को सौंपा जाएगा। प्रदेश के समस्त जिलों की माटी एक बड़े कलश में एकत्रित कर दिल्ली ले जाया जायेगा। वहां अमृतवन में देश भर से आई छह लाख से अधिक गांवों की माटी से 75000 वृक्षों का रोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेश शुक्ला , जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा मुन्ना भैया, मंडल अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, मंडल महामंत्री स्यामधर द्विवेदी, राघवेन्द्र मिश्रा रामभवन द्विवेदी, धर्मपाल पटेल, हंसराज पटेल प्रधान महेंद्र पटेल पुर्व प्रधान, जगजीवन राम हरिजन प्रधान, के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में भतीजे ने दी सुपारी पुलिस ने तीन को दबोचा

अखंड भारत संदेश

**1.5 लाख रुपये नगद, तमंचा-कारतूस, मोबाइल और बाइक बरामद**




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस और एसओजी यमुनापार की संयुक्त टीम ने हत्या की सुपारी लेने और देने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 1.5 लाख रुपये नगद, तमंचा-कारतूस, मोबाइल और बाइक बरामद की है। जिसकी सुपारी दी गई थी, वह महिला अधिवक्ता है। बताया जाता है कि महिला अधिवक्ता के द्वारा अपने भाइयों के बीच संपत्ति के बंटवारे में अड़ंगा डाला जा रहा था, इसी से नाराज होकर भतीजे ने कत्ल की सुपारी दे डाली। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसओजी यमुनापार की संयुक्त टीम के साथ शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से अधिवक्ता की हत्या की सुपारी देने वाले बुधराज सिंह उर्फ राज सिंह पुत्र कमलाकर सिंह ग्राम कोहड़िया (शंकरगढ़), रोहित केसरवानी पुत्र मंगलदास केसरवानी (जारी बाजार, कौंधियारा) व सुपारी लेने वाले अभियुक्त भूमिराज सिंह पुत्र स्व. कुंवर बहादुर सिंह (ग्राम डीहा, करछना) को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 1.5 लाख रुपये नगद बरामद किए गए हैं, जो बतौर पेशगी दिए गए थे। धरे गए तीनों लोगों से शंकरगढ़ के साथ-साथ एसओजी की टीम ने पूछताछ की, जिसमें पता चला कि कमलाकर सिंह पुत्र राम हितकारी का अपनी बहन एडवोकेट छविराजी कुमारी, भाई रत्नाकर व पिता राम हितकारी से पारिवारिक जमीन संबंधी विवाद चला आ रहा है। यह 35 बीघा भूमि में हिस्सेदारी का प्रकरण है। कमलाकर सिंह की बहन छविराज कुमारी पेशे से अधिवक्ता हैं, जो प्रयागराज में रहती हैं। वह अपने भाई दूसरे रत्नाकर व पिता के साथ मिलकर कमलाकर सिंह के हिस्से की जमीन नहीं दे रही हैं, इससे परेशान कमलाकर के बेटे बुधराज ने बुआ छविराज कुमारी की हत्या की सुपारी दी थी। फिलहाल, शंकरगढ़ पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 115, 120बी, 34 व आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर तीनों का चालान भेज दिया है। धरे गए भूमिराज सिंह के खिलाफ घूरपुर, शंकरगढ़, करछना में अलग-अलग मामलों के कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, एसओजी यमुनापार प्रभारी रणजीत सिंह समेत कई लोग रहे।



# अलग-अलग स्थान पर दो लोगों के बारिश से गिरे कच्चे खपरैल घर

**कोरांव/रत्योरा।** कोरांव के दो अलग-अलग गांवो में बारिश से कच्चे खपरैल घर गिर गए हैं। एक जगह मलबे के नीचे दबने से महिला के पैर में चोटें आ गई हैं। बरनपुर में पंचम लाल का कच्चा मिट्टी का घर भीषण बारिश में रात्रि में भर भरा कर गिर गया। घर में सो रहे लोग बाल बाल बच गए। इसी प्रकार भगेसर में लवकुश पुत्र शिवलाल का घर गिरने से मलबे के नीचे पत्नी पूनम का पैर दब जाने से चोटें आ गई हैं। पंचम लाल का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। जिससे बारिश में जर्जर घर अब ढह गया है। इसी प्रकार लवकुश पुत्र से शिवलाल ने बताया कि मेरे पास कच्चा मिट्टी का खपरैल घर ही था जो जीर्ण शीर्ण हो चुका है और इस बारिश में ढह भी गया। रहने तक के लिए अब शरण नहीं है। दोनों पीड़ितों ने शासन व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाए जाने की मांग की है।

# समाज के लिए बाबा साहब के संविधान को बचाना जरूरी - संदीप पटेल

अखंड भारत संदेश




**कोरांव।** प्रदेश के अंदर जिसके घर में खाने के दो रोटी का इंतजाम नहीं है। उसका ख्याल अगर कोई रखता है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हम सबके नेता अखिलेश यादव रखते हैं। प्रदेश में जब जब समाजवादी सरकार रही बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को समाजवादी पेंशन, लोहिया आवास, कन्या विद्याधन, छात्राओं को निःशुल्क साइकिल, मुफ्त बिजली, मुफ्त पढ़ाई, मुफ्त दवाई देने का काम समाजवादी पार्टी की सरकार ने किया है। यह बातें समाजवादी पार्टी के मेजा विधायक संदीप पटेल ने कोरांव बाजार के भागीरथी गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन व कार्यकारिणी विस्तार समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। आगे उन्होंने कहा कि यहां समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को मानने, संविधान को बचाने की मुहिम में शामिल होने, मेहनत मजदूरी कर पेट भरने वाले लोग बैठे हैं इस नाते हम आप सब की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। आगामी मिशन 2024 को फतह करने के लिए हम सबको एक जुटता का संदेश देना होगा। उन्होंने पिछड़े दलित वर्ग के उन लोगों को आगाह करते हुए कहा जिन लोगों ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का झंडा थाम कर उनकी दुहाई दे रहे हैं। कहा कि भाजपा व आर एस एस के लोग आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं, बाबा साहब के संविधान से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आरक्षण खत्म होगा तो सिर्फ समाज वादियों के लिए ही नहीं जो आर एस एस व विश्व हिंदू परिषद का झंडा लेकर चल रहे हैं उनके बच्चों को भी नौकरी और शिक्षा नहीं मिलेगी। इसलिए उनका भी आह्वान करते हुए कहा कि मिशन 2024 में एकजुट होकर संविधान बचाने की मुहिम में सहयोग की अपील की। उन्होंने मऊ के घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अगड़े समाज से क्षत्रिय समाज के सुधाकर सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। हर एक मुसलमान, दलित बैकवर्ड सुधाकर सिंह के लिए लाठी डंडा खाते हुए वोट मांगने का काम किया। भाजपा देश में हिंदू धर्म को खतरे में बता कर नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा हिंदू धर्म न कभी खतरे में था और न होगा। इसी प्रकार विधानसभा कोहराओं की नवगठित 51 सदस्यीय कार्यकारिणी को बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष पप्पू निषाद ने कहा कि हर एक कार्यकर्ता मिशन 2024 के लिए अभी से ही जुट जाएं। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने सभी कमेटी के पदाधिकरियों का परिचय कराते हुए 42 सेक्टर व 7 जोन के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित कराया। समारोह को प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर बिंद, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर भारती, जिला महामंत्री इंजीनियर बृजेश सिंह यादव, विधानसभा महासचिव रवींद्र जैसल जाटव, इंद्र दमन भुर्तिया, रामप्रवेश कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, गीता भारती, बंसराज यादव, कमलेश यादव, देवराज पटेल, पवन सोनकर, सुनील सिंह राणा आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता लालजी पाल निराला व संचालन प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव ने किया। इस दौरान

## खबर संक्षेप

### कार की बैट्री चोरी पुलिस से शिकायत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में इधर कुछ दिनों से घर के बाहर खड़ी कारों से बैटरी चोरी हो जा रही है। जिससे लोग बेहद परेशान है शनिवार की रात आवास विकास कॉलोनी योजना दो में खड़ी एक कार की साल भर में दूसरी बार बैटरी चोरी हो गई मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है बैटरी चोरी करने वाले युवक की तस्वीर भी सीसीटीवी में नजर आई है। आवास विकास कॉलोनी योजना दो में रहने वाले घनश्याम पांडे ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उनकी अल्टो गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। शनिवार की रात कार से बैटरी ही चोरी हो गई। पास में लगे सीएससी टीवी कैमरे को पुलिस ने कंगाल तो एक युवक बैटरी चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में नजर आया है। लोगों की माने तो इसी तरह झूंसी चौकी क्षेत्र में कुछ महीनों में कई लोगों की कर से बेटियां चोरी हो चुकी है।

# उपमुख्यमंत्री ने भगवतपुर ब्लॉक में नवनिर्मित सरदार बल्लभ भाई पटेल 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण

### उपमुख्यमंत्री ने हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने रविवार को भगवतपुर ब्लॉक में नवनिर्मित सरदार बल्लभ भाई पटेल 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय भगवतपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने पंजीकरण काउंटर, मेडिसिन वितरण काउंटर, स्टोर रूम, चिकित्सक कक्षों, मरीज वार्डों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री जी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संचारी रोगों, डेंगू, वायरल बुखार के दृष्टिगत हॉस्पिटल में हो रहे वाटर प्रूफिंग व अन्य अवशेष कार्यो को 2 अक्टूबर के बजाय 10 दिनों के भीतर पूर्ण कराकर हॉस्पिटल को पूरी क्षमता के अनुरूप क्रियाशील कराने के लिए निर्देशित किया है। उप मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से अपनी देख-रेख में सभी कार्यो को पूर्ण कराने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि कुम्भ मेला 2019 में अस्थायी रूप से बनाए गए हॉस्पिटल के संसाधनों का उपयोग कर इस हॉस्पिटल को स्थापित किया गया है और इसमें 100 बेड की क्षमता है तथा यहां पर



16 चिकित्सकों की नियुक्ति है एवं प्रतिदिन लगभग 100 ओ0पी0डी0 हो रही है। सभी बेड पर ऑक्सीजन की सेंट्रलाईज सप्लाई है एवं यहाँ पर एक्स-रे व पैथोलॉजी की सुविधा भी उपलब्ध है। हॉस्पिटल के छत में शीट के जोड़ से पानी टपकने की समस्या के कारण इंडोर पेशेंट हेतु सुविधाए उपलब्ध नहीं हो पा रही थी जिसके लिए छत की वाटर प्रूफिंग करायी जा रही है। माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए पूरी क्षमता के अनुरूप ओ0पी0डी0 चलाने व संचारी रोग एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को भर्ती कर उनका इलाज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हॉस्पिटल में कुत्ता, बंदर, साँप के काटने पर लगाए जाने वाले इंजेक्शन, आवश्यक दवाइयों व उपकरणों की उपलब्धता, ढांचागत सुविधाओं के साथ सफाई कर्मियों की नियुक्ति कर सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों, तिमारदारो व परिजनों के साथ अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए कहा है। उप मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित अधिकारियों व अन्य लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ पर आवश्यक मैनपावर की स्वीकृति हो चुकी है। 100 बेड की क्षमता हेतु अनुमन्य सभी उपकरणों को उपलब्ध कराया गया है और जो भी आवश्यकताएं होंगी उन्हें उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल के आसपास के क्षेत्रों में इस हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे कि यहां के स्थानीय लोगों को जानकारी हो सके कि उनके पास ही एक बड़े अस्पताल का विधिवत संचालन प्रारंभ हो चुका है एवं आपको इलाज के लिए दूर शहर में नहीं जाना पड़ेगा। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय उप मुख्यमंत्री जी के निदेर्शों का पालन करते हुए 10 दिनों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा कर हॉस्पिटल को पूरी क्षमता के अनुरूप संचालित कराया जाएगा। इस अवसर पर यमुनापार भाजपा अध्यक्ष विभवनाथ भारतीय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडे, प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ इश्तियाक अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





## बैरहना के राजा के आगमन की तैयारी जोरों पर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सार्वजनिक गणेश महोत्सव समिति धूमधाम से अपने बैरहना के राजा की स्वागत में जुटी है। इस बीसवें वर्ष में प्रवेश के साथ बैरहना के राजा अपनी पूर्ण सज धज के साथ 19 सितंबर को प्रतिष्ठित होंगे। बैरहना के राजा को भव्य स्वरूप देने वाले सुप्रसिद्ध बंगाली मूर्तिकार गौतम पाल (जय मां तारा शिल्पालय) ने बताया मूर्ति की तैयारी अपने अंतिम चरण में है इसके बाद मूर्ति की शोभा देखते बनेगी। वहीं दूसरी तरफ बैरहना मलाकराज के पार्षद आकाश सोनकर एवं आशीष पांडेय संयोजक सार्वजनिक गणेश महोत्सव समिति के सकारात्मक सहयोग से बैरहना के राजा के लिए नवीनतम सड़क का निर्माण जोरो शोरो पर है।

# विशेष सचिव ने सोरांव गौशाला का किया औचक निरीक्षण हुए खुश

### माह में दो बार हो हाइडोक्लोराइड दवा का छिड़काव का दिया आदेश, व्यवस्था देखकर संतुष्टि जाहिर किए विशेष सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** रविवार को सोरांव स्थित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का विशेष सचिव (पशुपालन विभाग) राम सहाय द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। गौशाला की साफ सफाई और व्यवस्था देखकर उपस्थित गौपालक ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना भी किए। निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव द्वारा पूरे मवेशियों में होने वाली लंपी बीमारी की रोकथाम के लिए गोवंश आश्रय स्थल कैम्पस में एक दिन के अंतराल पर पांच दिन तक लगातार और बाद में महीने में दो बार हाइड्रोक्लोराइड का छिड़काव फॉगिंग तथा लगातार मवेशियों में साफ सफाई करने हेतु निर्देशित भी किए। साथ ही गौपालक के मानदेय भुगतान के बारे ने विस्तार से जानकारी भी लिए। तो जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार द्वारा मानदेय भुगतान समय से हो जाने की बात कही। इतना ही नहीं मानदेय के भुक्तान की सच्चाई जानने के लिए प्रत्येक गौपालक से भी जानकारी लिए। तथा गौपालको ने समय से मानदेय मिलने की बात विशेष सचिव से बताई।इतना ही नहीं सभी मवेशियों को साफ सुथरा देख करके और



प्रत्येक गोवंश के नाद में हरा चारा और चोकर भी देखकर बहुत ही आत्म संतुष्टि भी जाहिर किया। इसके लिए खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल व ग्राम विकास अधिकारी कौशल कुमार की पीठ थपथपाई। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कुमार खण्ड विकास अधिकारी सुनील पटेल, ग्राम प्रधान शाहिद अली, ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार, उप पशु चिकित्सा अधिकारी सोरांव राजकुमार,पंचायत सहायक,हर्ष श्रीवास्तव तथा गौपालक उपस्थित रहे।

### माता शिशु की शिक्षा व स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल कर सकती है

**झूंसी।** माता कलावती कॉलेज आफ स्पेशल एजुकेशन के ऑडिटोरियम में राजेश तिवारी पुनर्वास केंद्र एवं संस्था की भारतीय पुनर्वास परिषद भारत सरकार द्वारा अनुमोदित तीन दिवसीय माता-पिता शिशु कार्यक्रम एवं माता के प्रशिक्षण का शुभारंभ भोपाल की शिक्षाविद प्रो. संज्ञा तिवारी के द्वारा किया गया।

उपस्थित माता को संबोधित करते हुए प्रो. संज्ञा तिवारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की प्रथम शिक्षक माता ही होती है शिशु की शिक्षा स्वास्थ्य की विशेष देखभाल माता से बेहतर कोई नही कर सकता। प्रो. तिवारी ने माता-पिता शिशु कार्यक्रम में माताओं की भूमिका के बारे में अपने अनुभव को विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षुओं में साझा किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्वांचल खादी ग्रामोद्योग विकास समिति के अध्यक्ष गोपेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रज्ञा तिवारी, दीपक, अक्षत, श्वेता, सूरज, पूनम, भोलानाथ मिश्र सहित दिव्यांगजन बच्चे तथा विभिन्न राज्य से आए प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## रामसागर गांव में राम जानकी मंदिर में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा प्राचीन पावन पवित्र स्थल रामसागर गांव में स्थित राम जानकी मंदिर सीओडी नैनी में कार्यक्रम अधिकारी धीरज राजवानी के नेतृत्व में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। अध्यक्ष संतोष तिवारी ने एवं महिला मोर्चा पदाधिकारी शकुंतला ने कहा कि यह प्राचीन रामसागर दर्शनीय स्थल हम सबकी धरोहर है,ऐसे स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जिससे आने वाले दर्शनार्थियों एवं यात्रियों के बीच एक सुंदर सा संदेश जाए। जिसके लिए संस्थान द्वारा एक डस्टबिन भी रखवाया गया। पार्षद अनूप पासी ने एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद यादव ने कहा कि भगवान राम ने इस पवित्र स्थल पर एक रात विश्राम किया था,जिसका जीर्णोद्धार हम और सभी क्षेत्रवासी मिलकर रामसागर रूपी तालाब की बाउंड्री वॉल एवं मंदिर को संगमरमर



आदि लगवाकर सुसज्जित करने की योजना को भविष्य में साकार रूप देने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। जिससे यमुनापार का यह प्राचीन दर्शनीय स्थल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर सके। वरिष्ठ मार्गदर्शक कमलेश जायसवाल ने कहा कि आज हम सब ऐसे प्राचीन मंदिर एवं रामसागर तालाब को देखकर धन्य हो गए, जहां पांच सौ वर्ष पुराने कछुए एवं विशालकाय मछलियां प्रकृति की गोद में अपने आपको बहुत ही सुरक्षित महसूस करती है। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा,सुबेंदु घोष, संदीप सिंह,डां प्रमोद मिश्रा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, आत्म प्रकाश यादव, बभ्रुवाहन सिंह, गणेश प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश श्रीवास्तव,शिव प्रसाद यादव, रामचंद्र जायसवाल, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, उज्जवल यादव,सौरभ यादव, गौरव यादव, आर्यन यादव, अनन्या चौरसिया,अनुज चौरसिया, निर्मल कुशवाहा, धीरज पाण्डेय,शामभवी मिश्रा, समरेंद्र मिश्रा, सुशील दत्त, अभिषेक यादव, जन्मेजय मिश्रा आदि रहे।

# न्याय नगर पब्लिक स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** हवेलिया स्थित न्याय नगर पब्लिक स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका आरती कुशवाहा एवं निकिता गुप्ता द्वारा किया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में नन्हे- मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा- अर्चना कर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। राधा और श्रीकृष्ण बने बाल-गोपालो ने सबका मन मोह लिया कक्षा नर्सरी से 7 तक की छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण के जीवन आदर्श पर आधारित सुंदर-



सुंदर कविताओं की प्रस्तुति की गई। जिसे सुन सब भाव-विभोर हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री कृष्ण के भजन, गीत व संगीत तथा चारों हाउस के बच्चों द्वारा बोर्ड को सजाया गया। जिसकी प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुचित्रा वर्मा एवं प्रधानाचार्या डॉ. बुशरा मुस्तफा ने बच्चों को ढेर सारी बधाई दी और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### वीडियो बनाकर मौसेरे भाई ने किया दुष्कर्म, युवती ने खुदकुशी का किया प्रयास

**प्रयागराज।** धूमनगंज में एक युवती ने अपने मौसेरे भाई पर अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। आरोप यह भी है कि ब्लैकमेल कर उसे एक होटल में भी ले जाकर दरिंदगी की गई। उसके दो दोस्तों ने जान से मारने की धमकी भी दी। इससे परेशान होकर उसने जान देने की भी कोशिश की। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। 20 वर्षीय युवती थरवई की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया कि मई में वह अपनी मौसी के पूरामुफ्ती स्थित घर शादी में आई थी। वहां मौसी के बेटे शुभम ने बाथरूम में नहाते हुए चोरी से वीडियो बना लिया। फिर ब्लैकमेल कर लक्ष्मी होटल राजरूपपुर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर वीडियो बना लिया।अब उसकी बात नहीं मानने पर वीडियो वायरल करने व पिता-भाई को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप यह भी है कि घटना से पहले आरोपी के दो दोस्तों बृजेश विश्वकर्मा व मंदीप विश्वकर्मा ने होटल में न जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि मेडिकल कराया गया है। बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी जोन बनी दो दिवसीय सीआइएससीई रीजनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ओवरऑल विजेता

### 11 टीमों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 24 की स्पर्धा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सीआइएससीई के दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे सेंट जॉन्स एकेडमी करछना प्रयागराज की प्रधानाचार्य डॉक्टर जरीन रिजवी के नेतृत्व में आयोजित कराया गया। जिसमें 5 किलोमीटर पैदल चाल,फाइनल दौड़ 200 मीटर फाइनल दौड़ 4 ७ 200 मीटर रिले दौड़, 110 मी हर्डल, गोला फेक, 100 मीटर फाइनल दौड़, आदि का आयोजन कराया गया। 11 टीमों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 24 की स्पर्धा में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेंट जॉन्स एकेडमी के खेल संयोजक सुब्रतो मैती और उनके सहयोगियों द्वारा इस आयोजन का समापन बड़े सफल व शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया ' अंडर 14 में वाराणसी प्रथम और प्रयागराज द्वितीय स्थान पर रहे अंडर 17 में वाराणसी प्रथम और प्रयागराज द्वितीय स्थान पर रहे अंडर 19 में प्रयागराज प्रथम और गाजियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे। बेस्ट एथलीट



अंडर 14 ग्रुप में वाराणसी के विकास सिंह रहे अंडर 17 ग्रुप में काषान आलम प्रयागराज के बेस्ट एथलीट रहे। अंदर-19 ग्रुप में प्रयागराज के मयंक सिंह बेस्ट एथलीट रहे। विद्यालय के निदेशक श्री सी वी इन्नेस के द्वारा सफल प्रतिभागियों को मेडल ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए गए। इस दो दिवसीय सीआइएससीई रीजनल एथलेटिक चैंपियनशिप कि ओवर ऑल विजेता वाराणसी जोन रही अंत में प्रधानाचार्य डा जरीन रिजवी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाइयां दी गई तथा इस प्रतियोगिता को सफल करने के लिए सभी को धन्यवाद व्यापित किया गया।

# अरैल गांव में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

### डेढ लाख नकदी समेत पांच लाख के जेवरात चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल गांव में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने मेडिकल ऑफिसर के बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लगभग पांच लाख के जेवरात पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घर के पास लगे सीसीटीवी में कैद हुई कच्छा-बनियान गिरोह के सदस्यों की फुटेज अपने साथ ले गई। पुलिस फुटैज के जरिए चोरो का पता लगाने मे जुटी हुई है। नैनी के अरैल गांव में रहने वाले रिषी निषाद पुत्र अशोक निषाद के भाई रीतू मीरजापुर मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होने बताया कि बीती रात शनिवार को दो से चार



बजे के बीच कच्छा बनियान मे तीन लोग घर में घुसे और वहां आलमारी मे रखा डेढ़ लाख रूपए नकद व तीन से चार लाख के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में चोरी करने वाले तीन युवक कैमरे में कैद हो गई। नैनी पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियो की तलाश में जुटी है।

### यादवेंद्र अहीर बने कोरांव विधान सभा सपा के कार्यालय प्रभारी



**पसना।** कोरांव विधान सभा समाजवादी पार्टी की नई कार्यकारिणी में अधिवक्ता व क्षेत्र पंचायत सदस्य यादवेंद्र अहीर को विधान सभा उपाध्यक्ष के साथ साथ कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।कल नगर के भागीरथी गेस्ट हाउस में सम्पन्न सपा की बैठक में जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद एवम् मेजा के विधायक संदीप पटेल ने श्री अहीर को नियुक्ति पत्र सौंपा।ज्ञातव्य हो कि यादवेंद्र अहीर को अभी हाल में संपन्न कोरांव बार के चुनाव में अधिवक्ता समुदाय ने निर्विरोध आय व्यय निरीक्षक चुना है। श्री अहीर की नियुक्ति पर सपा विधान सभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल,महताब खान,रविन्द्र जैसल,राजेश पांडेय, नौशाद खान आदि ने बधाई दी है।

# प्रयागराज में मंदिर से शिवलिंग चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अतरसुइया थानाक्षेत्र में खुशहाल पर्वत मोहल्ले में एक मंदिर से चोर पूरा शिवलिंग ही उखाड़ ले गए। साथ में तांबे के नाग देवता को भी उठा ले गए। मंदिर से जड़ से शिवलिंग गायब होने से लोग हैरान हैं। लोगों में आक्रोश व्याप्त है।पुलिस को मोहल्ले वालों ने तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अभी कुछ माह पहले कौशांबी से भी शिवलिंग चोरी होने की खबर सामने आई थी। इसमें एक युवक की मनचाही लड़की से शादी न होने के कारण उसने शिवलिंग चुरा लिया था

**सुबह श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे तो रह गए अवाक**

पुराने शहर के खुशहाल पर्वत के इस मोहल्ले में यह काफी प्राचीन शिव मंदिर है। सुबह पांच बजे जब श्रद्धालु मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंचे तो अवाक रह गए। मंदिर से पूरा शिवलिंग ही गायब हो गया था। शिवलिंग जड़ से खोदकर चोर उठा ले गए। तांबे के नाग देवता भी गायब मिले। नंदी की शिवलिंग की तरफ देखते हुए मूर्ति मिली। चोर नंदी को छोड़ गए हैं।

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही :** मंदिर से शिवलिंग चोरी होने की खबर जंगल में आग की तरह फैली। मंदिर में सैकड़ों की संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके

### अतरसुइया के खुशहाल पर्वत इलाके का मामला, तांबे के नाग बाबा को भी नहीं छोड़ा, जांच में जुटी पुलिस



पर पहुंचे इंस्पेक्टर अतरसुइया विनोद यादव का कहना है कि इस आशय की शिकायत मिली थी। मौके पर आकर देखा गया है।शिवलिंग गायब है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को पुलिस टीमें खंगाल रही हैं। किसकी यह हरकत है इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही पता लगा लिया जाएगा कि किसने शिवलिंग गायब किया है और किस मकसद से। फिलहाल अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है कि किसने यह हरकत की है।

### पशु चिकित्सक के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**करछना।** क्षेत्र के थरी गांव के रहने वाले रमेश यादव पशु चिकित्सक थे उनका लगभग तीन महीने से स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उनका इलाज चल रहा था शनिवार देर रात उनकी सांस थम गई जिससे परिवार में दुखों का मातम छा गया सुभ चिंतकों को गहरा आघात पहुंचा डॉ रमेश यादव एक मिलन सार व्यक्ति थे जिनका क्षेत्र में किसानों एवं पशुपालकों से गहरा लगाव था तथा पशुओं की बीमारी के डॉक्टर थे क्षेत्र में काफी चर्चित थे जिनका तीन-चार महीने से इलाज चल रहा था इलाज ही के दौरान उनकी मृत्यु हो गई जिससे पशुपालकों एवं किसानों में ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी रविवार को उनका अंतिम संस्कार डीहा गंगा घाट पर किया गया।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0628181 का अंक पत्र प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है ।

**नागेंद्र प्रताप पुत्र राम सिंहासन प्रसाद निवासी कोल्हाई बरूना पोस्ट अकोरही जिला रोहतास बिहार।**

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के कोठरा गांव निवासी दिनेश पाल पुत्र राम कुमार पाल (24) वर्ष भैंस चराने सिलौंधी गांव गया था, जहां भीषण वर्षा के साथ बिजली गिरने से भैंस की तथा युवक की दर्दनाक मौत हो गई। भैंस की मृत्यु घटना स्थल पर हुई थी और दिनेश पाल को सीएचसी ले जाया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। बताया जाता है कि दिनेश पाल आज रविवार को अपनी भैंस चराने के लिये सिलौंधी गांव की तरफ गया था तभी वर्षा होने लगी और बिजली चमकने लगी। इसी बीच बिजली गिर जाने से भैंस हो गई तथा युवक बेहोश हो गया। जैसे ही सूचना घरवालों को मिली, युवक को सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक का विवाह तीन माह पहले हुआ था। वह अपने तीन भाई व दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। घटना स्थल पर हल्का लेखपाल पहुंचे हैं।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे उपनेता प्रमोद तिवारी

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास के दौरे पर आंएगें। वह दिन साढ़े बारह बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगें। इसके बाद अपराहन एक बजे सांगीपुर बाजार में क्षेत्रीय लोगों को एक हास्पिटल की सौगात सौंपेंगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# सीएम से मिलकर दो अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना की सांसद ने की मांग

### एक विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की मांग

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** रविवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर लोकसभा क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि कुंडा से जिला मुख्यालय की दूरी 60 किमी है। ऐसे में क्षेत्र के वादकारियों को अपने अपील, निगरानी, सत्र परीक्षण, प्रकीर्ण मामलों की सुनवाई हेतु जिला मुख्यालय प्रतापगढ़ जाना पड़ता है। कुंडा में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय न होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कुंडा में स्थापित दीवानी न्यायालय में दो अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तथा एक विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना की मांग की। कुंडा दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के बैठने हेतु अधिवक्ता चैंबर या शेड नहीं है। ऐसे में अधिवक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद विनोद सोनकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से साढ़े पांच करोड़ की राशि देने की मांग की। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि सांसद के प्रयास से जल्द ही कुंडा दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ वादकारियों को भी सुविधाएं मिलेगी। सांसद विनोद सोनकर ने कुंडा दीवानी के अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से मिलाया।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते सांसद विनोद सोनकर।

# निष्पक्ष जांच के लिए हापुड़ के डीएम व एसपी का हो तबादला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** आल इंडिया रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने हापुड में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज पर हाईकोर्ट द्वारा छह सदस्यीय न्यायिक जांच समिति के गठन को स्वागत योग्य करार दिया है।

उन्होने न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच समिति को लेकर भरोसा जताया है कि अब अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिस कर्मी सही सजा के दायरे में लाए जा सकेंगें। इस बावत उन्होने रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एशोसिएशन की ओर से पत्र लिखकर कहा है कि न्यायिक जांच समिति गठन होने के बाद सरकार को फौरन हापुड़ के डीएम और एसपी को वहां से स्थानांतरित किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश ने कहा कि हापुड़ के मौजूदा डीएम और एसपी की वहां तैनाती यथावत बनी रहने पर सही तथ्य और लाठी चार्ज के साक्ष्य अभी भी प्रभावित होने की प्रबल संभावना बनी रहेगी। वहीं उन्होने एशोसिएशन की ओर से यूपी बार काउंसिल के हापुड़ लाठीचार्ज को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन को पूर्ण समर्थन का भी ऐलान किया है।

## रोजगार मेले का आयोजन 14 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में 14 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र के संस्थान एल एण्ड टी कन्स्ट्रक्शन स्किल्स इन्सीट्यूट अहमदाबाद (गुजरात) द्वारा निर्माण क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। नियोजक द्वारा जो योग्यता एवं मापदण्ड निर्धारित किया गया है उसमें उम्र 18 से 35 साल, ऊँचाई 155 सेमी0, शैक्षिक योग्यता-12वीं तक या आईटीआई होल्डर (फिटर, कारपेन्टर, वेल्डर, मेसन) तथा शारीरिक तौर से सक्षम हो। निःशुल्क सुविधा 2 महीने की ट्रेनिंग, भोजन, निवासीय हॉस्टल एवं टूल्स इक्वीपमेन्ट्स निर्धारित है। डिप्लोमा/डिग्री इन्जीनियर पात्र नहीं है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन आईडी एवं पासवर्ड, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

## दुर्घटना में छात्र घायल, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज नगर के संगम चैराहे पर सवारी वाहन के टेम्पो ने शानिवार की शाम बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार छात्र गम्भीर रूप से चुटहिल हो गया। सांगीपुर थाना के असांव निवासी ओमप्रकाश द्विवेदी का पुत्र राज द्विवेदी आइंसटीन पब्लिक स्कूल में कक्षा दस का छात्र है। राज पढ़ाई के लिए नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के समीप समीप ही किराए के मकान में रहता है। शनिवार की शाम वह बाइक से स्कूल से अपने कमरे पर वापस आ रहा था। नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी के संगम तिराहे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार की टेम्पो ने छात्र को टक्कर मार दी।

# मृतक के परिजनों ने सुरक्षा तथा मुआवजे समेत विभिन्न मांगों का एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### अफसरों के भरोसा दिलाने पर तीसरे दिन हुआ मृतक का अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** धारदार हथियार सें हमले में हुई अधेड़ की मौत को लेकर रविवार को भी परिजनों में कोहराम मचा दिखा। लालगंज कोतवाली के पूरे छत्तू गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र देवतादीन को पिछली ग्यारह अगस्त को घर के बाहर सोते समय आरोपियों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर चुटहिल कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार को विनोद की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेजवा दिया। शनिवार को दोपहर बाद मृतक का शव घर पहुंचा। रविवार की सुबह परिजनों से बातचीत करने के लिए लालगंज एसडीएम लालधर सिंह यादव कोतवाल अवन दीक्षित के साथ मृतक के घर पहुंचे। यहां मृतक की पत्नी नत्था देवी तथा बेटे मोहित सरोज ने एसडीएम को परिजनों की ओर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में परिजनों ने गरीबी का हवाला देते हुए गांव में जमीन के पट्टे तथा सरकारी आवास एवं आर्थिक सहायता तथा मृतक के पुत्र को सरकारी नौकरी एवं अपराधियों को कठोरतम सजा दिलाए जाने के साथ परिवार की सुरक्षा की मांग उठाई। सुरक्षा की मांग में परिजनों ने शस्त्र लाइसेंस भी मंजूर किए जाने पर जोर दिया है। एसडीएम ने मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान को पट्टे की कार्रवाई के तहत पत्रावली तैयार करवाए जाने के निर्देश दिए। वहीं अन्य मांगों को शासन में भेजवाए जाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हुए।



एसडीएम को मांगपत्र सौंपते मृतक के परिजन।

# दरबार सजाकर किया राणी सती दादी का संकीर्तन

### किशोरी सदन में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के किशोरी सदन में शनिवार रात राणी सती दादी का संकीर्तन श्याम सखी मंडल द्वारा आयोजित किया गया। इसमें दादी का दरबार सजाया गया। भजन गायक कृष्णा दधीचि ने कई मीठे व सुंदर भजन सुनाए। उन्होंने गाया...तू मन से बुलाकर देख दादी आएगी, तू लगन लगाकर देख दादी आएगी। श्याम व राम जी के साथ खाटू श्याम के भी भजन हुए। अखंड ज्योति जलती रही।

इस अवसर पर श्याम सखी मंडल की अर्चना खंडेलवाल, मिली खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, इंद्रा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल ने सबका स्वागत किया। संजय खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल नंदू, कमलेश अग्रवाल, भाजपा नेता सुनील गोयल, रवि खंडेलवाल समेत भक्त संकीर्तन में शामिल होने पहुंचे। चक्रपाणि उपाध्याय, अश्वनी केसरवानी, शिवम खंडेलवाल, रवींद्र बंटी, साक्षी खंडेलवाल आदि मौजूद रहे। पं. दयाशंकर महाराज ने पूजन कराया। संकीर्तन के दौरान वर्षा होती रही।



राणी सती दादी के संकीर्तन में जुटी महिलाएं।

# इंडिया गठबंधन से घबराकर इंडिया से भारत के नाम पर विवादः इंद्रजीत

### उप चुनाव में जीत से उत्साहित कार्यकताओं का बढ़ाया मनोबल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक इन्द्रजीत सरोज रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे और संगठन, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी व जोनल प्रभारी की समीक्षा बैठक की। इस दौरान समीक्षा बैठक करते हुए सभी विधानसभा अध्यक्ष से बूथ, सेक्टर व जोनल प्रभारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को एकजुट होकर क्षेत्र में जन पंचायतों के माध्यम से लोगों से क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर हर सम्भव मदद करने का कार्य करें। साथ ही समाजवादी सरकार में किये गये कार्यों को जनता के बीच बतायें भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करें। घोंसी विधानसभा उपचुनाव की जीत पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि घोंसी विधानसभा में सर्वसमाज ने इंडिया गठबंधन को अपना जन समर्थन दिया है। आगामी लोकसभा में जनता अपना विकल्प इंडिया गठबंधन को मान रही है। सभी समाजवादी साथियों को जन-जन के बीच पंहुचकर किसान, छात्र, बेरोजगार, महिलाओं को जागरूक करें। इंडिया गठबंधन से घबराकर इंडिया से भारत के नाम पर विवाद खड़ा कर रहे हैं। सभी लोगों से अपील करते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. एसपी सिंह पटेल, विधायक रामसिंह पटेल, विधायक डॉ.आरके वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष अहमद अली, आरके भीम, डॉ.रामबहादुर पटेल, रमेश यादव, रामधन यादव, केशव यादव, शेरबहादुर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भईयाराम पटेल, अनीस खान, गुलफाम खान, पप्पू यादव, वासिक खान, इरफान खान, सुरेश यादव, रमाशंकर यादव, संदीप यादव, पारसनाथ यादव, अब्दुल हई, शान्तनु सिंह, रमेश पाठक, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, जावेद खान, मो.समीम, विनोद यादव, हरीश शुक्ला, समीम खान, अनिल यादव, निसार अहमद, साबिर अली, डॉ.एजाज, विशाल मौर्या, मानवेन्द्र वर्मा, इमरान सभासद, राजू यादव, करोड़ीमल शर्मा, कामता पटेल, जियाउल इसहाक, उत्तम यादव, सुरेश जायसवाल, धर्मराज सिंह, सफात अहमद, चन्दन सिंह, विकास यादव, रामकुमार यादव, अख्तर अली, आजाद सिद्दीकी, युनुस मंसूरी, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज।

# बाबू राम करन सिंह की 23वीं पुण्यतिथि पर दी गई काव्यांजलि, रचनाकारों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले की प्रमुख शख्सियत में से एक प्रख्यात समाजसेवी, शिक्षाविद एवं पत्रकार बाबू राम करन सिंह की 23वीं पुण्यतिथि पर कवियों द्वारा जहाँ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि एवं काव्यांजलि दी गई, वहीं प्रबुद्धजनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वृहद प्रकाश डाला।

उनके वरद पुत्र द्वय डॉ0 हरिकेश बहादुर सिंह एवं डॉ0 चंद्रेश बहादुर सिंह के आयोजन एवं संपादक अखिल नारायण सिंह के संयोजन में हुए इस समारोह एवं कवि सम्मेलन में लोगों ने बाबू राम करन सिंह के कार्यों का स्मरण करते हुए उनके योगदान को जनपद के लिए अप्रतिम बताया। पूर्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक दया राम मौर्य रत्न एवं अधिवक्ता एवं कालेज प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने बाबू राम करन के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अल्हैत ओम प्रकाश पाण्डेय वाणी वन्दना से काव्याँजलि समारोह का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात कवि विरागी व गजेंद्र सिंह विकट ने अपनी सरस कविताओं का वाचन किया। सुप्रसिद्ध कवि डॉ0 रणजीत सिंह ने अपनी राष्ट्रीय चेतना की वीर रस की कविताओं से लोगों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया की पंक्तियाँ- रोती हों माँ भारती तो एक बात याद रखें, देश में कहीं हँसी ठिठोली नहीं चाहिए,। रायबरेली के जय चक्रवर्ती एवं साविस्ता बृजेश ने भी अपनी कविताओं का वाचन किया। समारोह में डॉ0 रणजीत सिंह एवं जय चक्रवर्ती को सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, अंग वस्त्रम एवं रू0 2501 रुपये की धनराशि देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाराम मौर्य रत्न ने बाबू राम करन सिंह को समाज का सच्चा कर्मयोगी बताया तो विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार त्रिपाठी प्रवात ने उन्हें समाज के लिए एक वरदान बताया।

आयोजक द्वय में एक डॉ0 चन्द्रेश बहादुर सिंह ध्रुव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ऐसे आयोजनों की प्रासंगिकता को बताया तो डॉ0 हरिकेश बहादुर सिंह ने बाबूजी के शिक्षा,समाज एवं पत्रकारिता जगत में किये गये कार्यों का वृहद विवेचन किया। संयोजक अखिल नारायण सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तो वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश नारायण दुबे व्योम ने कार्यक्रम का सरस संचालन किया। इस अवसर पर शैलेश कुमार तिवारी का भी सम्मान किया गया। समारोह को राज किशोर त्रिपाठी, आनन्द मोहन ओझा, आदित्य प्रताप सिंह प्रधानाचार्य, देवेन्द्र कुमार गुप्ता, शिव कुमार सिंह, सूर्य बख्श सिंह रायबरेली, आलोक सिंह, शंकर शरण सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।




कवि को सम्मानित करते आयोजकगण।

# चारागाह एवं सार्वजनिक तालाब पर अवैध काटा जा रहा कीमती पेड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के सदहा गांव में नवनिर्मित पंचायत भवन परिसर में ही चारागाह, खेल के मैदान एवं सार्वजनिक तालाब है जिसमे छायादार बेशकीमती पेड़ पूर्व प्रधान द्वारा लगाए गए थे, जिसमें ग्रामवासियों के साथ ही क्षेत्र के लोग वहां अपने जानवरों को लेकर आते हैं। कुछ पल के लिये लोग यहीं पर रुककर आराम करते थे और अपने जानवरों को चराते भी हैं। छायादार पेड़ होने से तालाब में पानी भी ठंडा बना रहता था जो जानवरों को पीने के काम आता था, लेकिन अब यहां पर हरे पेड़ों की कटाई जोरों पर चल रही है। अगर ऐसा रहा तो आने वाले समय मे लोग यहां भी छाया और शुद्ध हवा के लिए तरसने लगेंगे।

इस अधाधुंध कटाई को अभी तक न ही कोई राजस्व कर्मचारी मौके पर जाकर देख रहा है और न ही संज्ञान में ले रहा है। क्षेत्रवासी यहां तक कहने लगे हैं कि यह सब राजस्व विभाग की मिलीभगत से हो रहा है। यदि ऐसा आरोप सही नहीं है तो राजस्व विभाग को मौके पर जाकर जांच करनी चाहिए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस अवैध कटाई को रोकें और अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच हो, जिससे कटाई कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो।



चारागाह के पास काटा गया हरा पेड़।

## आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** दुर्घटना में इलाज के दौरान गम्भीर रूप से घायल अधेड़ की मौत हो गई। मृतक के परिजनों की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनुहार निवासी निवासी स्व. देवेन्द्र सिंह की पत्नी किरन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस अगस्त को उसका पति देवेन्द्र प्रताप सिंह स्कूटी से लालगंज के सगरा सुन्दरपुर कें लिए निकला था। मृतक सगरा सुन्दरपुर के एक गर्ल्स हास्टल में खानसामा था। तहरीर में कहा गया है कि लोहंगपुर के चरनगंज बाजार पास बाइक चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल देवेन्द्र प्रताप की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# कृषक उद्यान विभाग की संचालित योजनाओं का उठाएं लाभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं में कृषकों का पंजीकरण आन लाइन रजिस्ट्रेशन पर पहले आओ पहले पाओ अनुदान का भुगतान डीबीटी से लागू है। वर्ष 2023-24 में योजनावार लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत संकर शाकभाजी 125 हेक्टेयर, पुष्प की खेती 20 हेक्टेयर, मसाला (प्याज) 50 हेक्टेयर, पुराने बागों का जीर्णोद्धार 04 हेक्टेयर, मौन पालन 09, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 20, एचडीपीई वर्मी बेड 10, जैविक खेती 20 हेक्टेयर, ट्रैक्टर (20 बीएचपी) 04, पावर टिलर (8 बीएचपी से कम) 04, पावर टिलर (8 बीएचपी से अधिक) 07, पैक हाउस 03 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ह्यह्यपर ड्राप मोर क्रापह्नह्न (माइक्रोइरीगेशन) योजनान्तर्गत ड्रिप सिंचाई पद्धति 208 हेक्टेयर, पोर्टेबल सिंप्रकलर 540 हेक्टेयर, माइक्रो सिंप्रकलर 40 हेक्टेयर, मिनी सिंप्रकलर 255 हेक्टेयर, लार्ज वाल्यूम (रेनगन) सिंप्रकलर 260 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त है। इसी प्रकार औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत संकर कद्दूवर्गीय सब्जी की खेती 10 हेक्टेयर, संकर टमाटर 10 हेक्टेयर, संकर मसाला मिर्च 8 हेक्टेयर, संकर शिमला मिर्च 2 हेक्टेयर, प्याज की खेती 10 हेक्टेयर, गेंदा की खेती 5 हेक्टेयर, मौनवंश एवं मौन गृह 25 एवं आई0पी0एम0 4 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उन्होने बताया है कि शासनादेश के अनुरूप कृषक पंजीकरण के सात दिवस के अन्दर आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं खतौनी की फोटोकापी तथा एक फोटो जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा बाद में पंजीकृत कृषक जिसका आवेदन जमा कर दिया गया होगा वह आपके पहले लक्ष्य के सापेक्ष कार्यक्रम का पात्र हो जायेगा। योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते है। कृषक बन्धु आनलाइन रजिस्ट्रेशन अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत

**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के अंतर्गत अफजलपुर सातों गांव में शनिवार की रात लगभग 9:00 बजे आकाशीय बिजली गिरने से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई जिसे जुल्फिकार पुत्र इमामुद्दीन ने पिछले माह में ही 40 हजार रुपए में खरीदा था अचानक इस प्रकार गाय की मौत हो जाने के कारण जुल्फिकार काफी परेशान है इसी गाय के दूध से वह अपने घर का पालन पोषण करते थे।

### नकली पंखा बेच रहा दुकानदार गिरफ्तार

**कौशाम्बी** पिपरी थाना पुलिस ने नकली मार्का लगे बिजली के पंखे वा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिक्री में लगे अमित इलेक्ट्रॉनिक्स मनौरी के मालिक अमन केसरवानी की दुकान पर छापा मारकर नकली कंपनी के 35 पंखे वा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है शीतल प्रसाद झा की शिकायत पर पुलिस दुकान की जांच करने पहुंची थी जांच के दौरान पुलिस को दुकान में नकली समान मिले हैं छापा मारकर नकली माल बरामद करने के बाद पिपरी थाना पुलिस ने अभियुक्त अमन केसरवानी पुत्र सुरेश चंद्र केसवानी निवासी नई बस्ती मनौरी बाजार को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है।

# संदिग्ध दशा में मिला सड़क किनारे शव परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**आशनाई के चलते युवक की पीट-पीट कर हुई हत्या**

**हत्यारों ने मारकर रस्सी से बांधकर सड़क किनारे फेंका, पुलिस जांच में जुटी**





अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियों ग्राम सभा के मजरे नयापुरवा के पास आज रविवार सुबह सड़क किनारे शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त जसवंत पटेल उम्र 22 वर्ष पुत्र रामसिंह निवासी गरीब का पुरवा ऊपरहार थाना कोखराज के रूप में हुई है शव की सूचना से तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुट गई है। युवक के पिता ने नामजद आरोप लगाते हुए साजिश कर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं लोगों कि माने तो युवक जसवंत अपने गांव की एक युवती से प्रेम करता था करीब 2 वर्ष पूर्व युवती की शादी फतेहपुर जिलें के सुलतान पुर घोष थाने के बढ़इया गांव के युवक के साथ हो गई युवती का पति मौजूदा समय रोजी रोटी के सिलसिले में दूसरे प्रांत में प्राइवेट नौकरी करता है, उसकी पत्नी अपने ससुर और 2 छोटे नाबालिग देवरों के साथ गांव में रहती है शादी होने के बाद भी दोनो प्रेमी प्रेमिका का प्यार परवान चढ़ता रहा दोनो चोरी चोरी छिपकर मिलते रहे बीती रात शनिवार को युवती का ससुर मूरतगंज का मेला देखने चला गया। मौका पाकर प्रेमी जसवंत अपने प्रेमिका के ससुराल पहुंच गया नाबालिग देवरों और मुहल्ले वालों की सूचना पर ज्ञान सिंह घर पहुंच गया उसने अपनी बहू को घर में प्रेमी के साथ रासलीला रचाते देख लिया ससुर ने बहू के मायके सूचना भेजी सूचना मिलते ही युवती का भाई और पिता मौके पर पहुंच गए और युवक को घर में ही एक आरसीसी के खंभे में बांध कर पिटाई करने लगे देर रात्रि मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई वहीं मौजूद ग्रामीण की लाठी लेकर युवती के भाई और पिता उसे पीटने लगे उसी युवक जसवंत का रविवार की सुबह कौशांबी और फतेहपुर बोर्डर नजदीक कोरियों ग्राम सभा के मजरे नयापुरवा सड़क किनारे महुआ की बाग में शव मिला। सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट पहुंचकर शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मौके से कुछ लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर मामले के खुलासे में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा

### बारिश में फिर गिरी गरीब के घर की दीवार

**सरकार के नुमाइन्दे प्रधानमंत्री आवास की सफलता पर बड़ी-बड़ी बात करने से शर्म नहीं महसूस कर रहे**



**कौशांबी।** योगी मोदी की सरकार और उनके बड़े-बड़े नेता गरीबों को पीएम आवास देने का बड़ा दम भर रहे हैं लेकिन किस गरीब को पीएम आवास योजना में घर मिल रहा है यह देखने वाला कोई नहीं है पूरी पीएम आवास योजना आव्यवस्था की भेंट चढ़ गई है गरीब एक आदत पीएम आवास के लिए तरस रहा है लेकिन सरकार और उनके नुमाइन्दे पीएम आवास बांटने की सफलता का ढिंढोरा पीट कर वाहवाही लूट रहे हैं यदि पीएम आवास सही तरीके से पारदर्शी ढंग से गरीबों को मिला होता तो अब गरीबों के घर कच्चे ना होते और बरसात में उनके घर जमीनडोज न होते लेकिन आए दिन बरसात के चलते गरीबों के घर आए दिन जमीनडोज हो रहे हैं लेकिन सरकार के नुमाइन्दे प्रधानमंत्री आवास की सफलता पर बड़ी-बड़ी बात करने से शर्म नहीं महसूस कर रहे हैं चायल विकासखंड क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में कल्लू पुत्र स्वर्गीय हैदर अली का कच्चा घर फिर बारिश के चलते गिर गया जिससे उसके सामने मुसीबत आ गई है घर गृहस्ती का सामान दीवाल के मलवे में दब गया है रहने खाने की व्यवस्था उसकी खराब हो गई है कल्लू लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास की मांग कर रहा है लेकिन 2024 तक हर घर पक्का का सपना दिखाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कल्लू जैसे तमाम गरीब लोगों को आवास नहीं मिल सका है जबकि अपात्र योजना का लाभ उठाने में सफल हो चुके हैं।

### एम्बुलेंस बनी वरदान, 108 के कर्मचारियों ने कराया सुरक्षित प्रसव



**नेवादा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क 102 एवं 108 एम्बुलेंस गरीबों व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। ऐसा ही मामला रविवार को जिले के नेवादा ब्लाक में देखने को मिला है। जानकारी के मुताबिक किरन देवी 26 वर्ष पत्नी घनश्याम बहुबरा चमरापुर की रहने वाली हैं। पति घनश्याम मजदूरी करते हैं वह घर से बाहर कहीं काम करने गए थे। नौ माह की गर्भवती किरन को रविवार दिन में प्रसव पीड़ा होने लगी। घर पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी गांव की ही आशा मालती देवी को दी। मालती देवी ने बिना देरी किये 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने प्रसव पीड़ा से कराह रही किरन देवी, आशा मालती व घर की एक महिला को एम्बुलेंस में बैठाया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल के लिए निकले। अस्पताल पहुंचने से पहले ही चिरारी गांव के पास अचानक प्रसव पीड़ा बहुत तेज हो गयी फिर एम्बुलेंस चालक रामचंद्र भारतीया ने एम्बुलेंस को सड़क के किनारे लगाया। ई ?म टी आशीष ने एम्बुलेंस पर मौजूद आशा मालती देवी की मदद से एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। सफलता पूर्वक प्रसव करवाने के बाद जच्चा- बच्चा दोनों को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र सराय अकिल में सुरक्षित भर्ती करवाया गया।

### विभिन्न थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी** जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर जिले के विभिन्न थाना पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमणकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली चरवा थाना पिपरी थाना महेवा घाट थाना करारी थाना पश्चिम शरीरा थाना सैनी थाना कड़ा धाम थाना संदीपन घाट थाना कोखराज थाना मोहब्बतपुर पैसा थाना सराय अकिल थाना कौशांबी थाना महिला थाना सहित विभिन्न थाना पुलिस बल द्वारा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गई।

### 10 लोगों पर थाना पुलिस ने की शांति भंग की कार्यवाही

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में पिपरी थाना संदीपनघाट थाना कड़ाधाम थाना करारी थाना महेवा घाट थाना पुलिस ने साधारण मारपीट व शांति भंग करने में दस लोगो पर निरोधात्मक कार्यवाही की है।

### 150 वाहनों का पुलिस ने किया ई चालान

**कौशाम्बी।** यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस ने रविवार को व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया वाहन चेकिंग के दौरान हड़कंप मचा रहा दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक करते हुए पुलिस ने 150 वाहनों पर ई चालान की कार्यवाही की है और वाहन चालकों को कड़े निर्देश दिए हैं।

# आजादी के 7 दशक बाद भी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं छोटे-छोटे बच्चे

**सरकार जी-20 और इक्कीसवीं सदी में डिजिटल इंडिया की बात कर रही है लेकिन गांव के लोग अभी एक लोटे पानी के लिए तरस रहे हैं**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** आजादी को 7 दशक से अधिक बीत गए है लेकिन गांव-गांव में पीने के पानी की व्यवस्था सरकार नहीं कर सकी है हर घर जल हर घर नल योजना के तहत सरकार करोड़ो अरबो रुपए का भारी भरकम बजट खर्च कर रही है लेकिन उसके बाद भी गांव क्षेत्र में पानी की व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी है प्यास बुझाने के लिए छोटे-छोटे बच्चे डिब्बे में भरकर दूर-दराज के इलाके से पानी लाते हैं जिन्हें देखकर लोगों का कलेजा मुंह में आ जाता है लेकिन सरकारी नुमाइंदों को इन छोटे-छोटे बच्चों के पीड़ा पर तनिक दर्द होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। नगर पंचायत चरवा में पीने के पानी की बदहाल व्यवस्था सरकारी व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है आजादी के 7 दशक बाद भी प्यास बुझाने को गांव क्षेत्र की जनता दंश झेल रही है जिन हाथों में स्कूल की किताब होनी चाहिए उन हाथों में प्यास बुझाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 11 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर पहलवान बाबा के पास झोपड़ पट्टी में रहने वाले नन्हे मुन्ने छोटे छोटे बच्ची के घरों में पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं है काफी दूर से छोटे-छोटे बच्चे अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी लेकर आते प्रतिदिन दिखाई पड़ते हैं योगी सरकार में बेहतर व्यवस्था की बात करने वाले माननीय का कलेजा भी छोटे-छोटे बच्चों के दुख दर्द पर नहीं पसीजा हैं आखिर जब प्यास बुझाने के लिए पानी की व्यवस्थाएं गांव गरीब के पास नहीं हो सकी है तो देश प्रदेश का विकास कहां हो रहा है सरकार जी-20 और इक्कीसवीं सदी में डिजिटल इंडिया की बात कर रही है लेकिन गांव के लोग अभी एक लोटे पानी के लिए तरस रहे हैं।

### बिरौली में सरकारी भवन पर दबंगों का कब्जा बांधते हैं मवेशी

**महगाव कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बिरौली बेरुआ गांव में बनी सरकारी सोसाइटी व पंचायत भवन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर के उसमें अपने मवेशियों को बांधते हैं आए दिन मवेशियों को छोड़कर आस पास के किसानों की खेती भी चारा कर दबंग लोगों को परेशान करते हैं। आपको बता दें की शनिवार को थाना समाधान दिवस पर बिरौली निवासी नारायण त्रिपाठी पुत्र स्व० हरिनारायण त्रिपाठी ने शिकायती प्रार्थना में बताया कि बिरौली गांव में जो सरकारी पंचायत भवन व सोसाइटी बनी है उसमें गांव के ही कल्लू, रामचन्द, शिवचन्द्र व लालचन्द्र ने अवैध रूप से कब्जा करके उसी सरकारी भवन में अपने मवेशी बांधते हैं प्रभात नारायण ने बताया कि उसी भवन के पास उसका खेत है जिसमे उक्त लोगो के मवेशी आए दिन प्रभात नारायण के खेत में लगी फसल नष्ट कर देते हैं। जब उक्त लोगों से उलाहना दिया जाता हैं तो उक्त चारो लोग लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं और गाली गलौज करते हैं साथ ही प्रभात नारायण को फर्जी मुकदमें में फसाने की धमकी देते हैं। जिससे परेशान हो कर प्रभात नारायण ने चरवा थाना में अपनी समस्या की शिकायत दर्ज कराई रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।



# मेले के दौरान संगठन की मजबूती पर चर्चा

**कौशांबी।** जय जवान जय किसान मंच के संयोजक चायल विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुके जुझारू कर्मठ ओजस्वी नेता सुशील जय हिंद एडवोकेट रविवार को विधानसभा क्षेत्र के पेरई तिल्हापुर में आयोजित दधिकाँदो मेला में साथियों समेत पहुंच गए जैसे ही उनके समर्थकों को इस बात की जानकारी लगी समर्थक उनसे मिलने पहुंच गए गर्म जोशी के साथ समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया इस दौरान लोगों ने भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में चारों तरफ अराजकता है अपराध अत्याचार बढ़े हैं भ्रष्टाचार घूसखोरी से आम जनता परेशान है भाजपा के नेता तानाशाह हो गए और आप जनता की अब सुनवाई नहीं हो रही है घंटो होती रही चर्चा के दौरान भाजपा सरकार के कार्यकाल में पीड़ित जनता ने दुख दर्द बयां किया इस मुलाकात के दौरान सुशील जय हिंद ने संगठन को मजबूत करने के लिए साथियों को निर्देश दिया है इस दौरान क्षेत्र के दाधिकांदो मेला बजरंग दल चौकी कमेटी के पदाधिकारी दाधिकाँदो मेला कमेटी के पदाधिकारी समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दो बाइकों की आमने सामने टक्कर 6 घायल

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बैसकाँटी गांव के पास नहर पर रविवार को दो बाइकों की आमने- सामने जोरदार टक्कर हो गयी जिससे बाइक सवार लोग घायल हो गए।दोनों बाइकों पर 2 महिला समेत 3-3 लोग सवार थे सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हैजानकारी के मुताबिक रविवार को लकौड़ा गांव के राजेंद्र कुमार 30 वर्ष पुत्र प्रेमचंद्र दो महिलाओं को बैठाकर मनगढ़ दर्शन करने जा रहे थे बैसकाँटी गांव के पास नहर पर पहुंचते ही सामने से तेज रफ़्तार आ रही एक बाइक उस पर भी तीन लोग सवार थे उसी से जोरदार टक्कर हो गयी। दूसरी बाइक राजकुमार 20 वर्ष पुत्र भोला चला रहा था। वह करारी से अपने गांव तरौड़ा जा रहा था। टक्कर लगते ही दोनों दोपहिया पर सवार सभी 6 लोग दूर छिटक कर जा गिरे। घटना देख आस-पास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम व 108 एम्बुलेंस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस टीम और 108 की तीन एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया है।

# योगी बन्द कराएं अवैध अस्पताल सांसद करे अवैध अस्पताल संचालकों के साथ मीटिंग

**कौशाम्बी।** सांसद की प्राइबेट हॉस्पिटल एशोसिएशन के साथ बीते दिनों सीएमओ कार्यालय में मीटिंग के बाद बड़े सवाल खड़े हो गए है इस मीटिंग में कितने रजिस्टर्ड निजी अस्पताल संचालक मौजूद थे और कितने अवैध अस्पताल संचालक इस मीटिंग में मौजूद थे यह बड़ी जाच का विषय है लेकिन सांसद की मीटिंग में शामिल अवैध अस्पताल संचालकों की जाच कौन कराएगा इस मीटिंग के बाद एक अस्पताल संचालक के अस्पताल से मरीज के पेट का ऑपरेशन कर अंग निकाल लिए जाने का भी आरोप लगा है अस्पताल संचालक पर आरोप के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सीज भी कर दिया है लेकिन क्या मानव अंग निकालने वाले अस्पताल संचालक पर कठोर कार्रवाई हो पाएगी या फिर दबाव के बाद सब लीपापोती कर अस्पताल संचालक को फिर छूट दे दी जाएगी योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार अवैध अस्पताल को बन्द कराए जाने का निर्देश दे रही है लेकिन कौशाम्बी में अवैध अस्पताल बन्द नही हो रहे है बल्कि अवैध अस्पताल फल फूल रहे है मानव अंग निकाल लेने का भी व्यवसाय शुरू हो गया अवैध अस्पताल संचालकों के साथ सांसद की मीटिंग के बाद अवैध अस्पताल संचालकों को जैसे संजीवनी बूटी मिल गयी है अवैध अस्पताल संचालकों के साथ सांसद की मीटिंग के बाद पूरी स्वास्थ्य ब्यवस्था पर तमाम बड़े सवाल खड़े हो गए है कि योगी आदित्यनाथ के आदेश का पालन कैसे कौशाम्बी की स्वास्थ्य ब्यवस्था पर होगा अस्पताल संचालकों के साथ सांसद की मीटिंग के कुछ दिन बाद ही एक अस्पताल में मानव अंग निकाल लिए जाने का प्रकरण सामने आया है।

# मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन , वीरों को वंदन कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश के माध्यम से हर घर व पंचायत से मिट्टी तथा नगरीय वार्डों से एक मुट्ठी चावल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एकत्र कर रहे हैं। उस कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य और नगर पंचायत अझुवा की चेयर मैन शांती देवी कुशवाहा अपने पदाधिकारियों के साथ हर घर मिट्टी और एक मुट्ठी चावल एकत्र किया है धर्म राज मौर्य ने बताया कि हर घर से मिट्टी एकत्र कर ब्लॉक के माध्यम से प्रदेश और फिर दिल्ली भेजा जाएगा दिल्ली में शहीदों के स्मारक अमृत वाटिका ब्लॉक अनुसार पेड़ लगाया जाएगा इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश कुशवाहा प्रशांत केसरवानी, मिथलेश केसरवानी, देवेश चौधरी, सुधीर टंडन, हीरालाल मौर्य, करन सिंह, उमेश विश्वकर्मा,पंकज मौर्य, गिरिराज कुशवाहा सभासद रामबाबू मोदनवाल, बृजेंद्र केसरवानी, राकेश मिश्र, ज्ञानेश मिस्त्र आदि लोग मौजूद रहे।

# महाराजा कडेदीन पासी समिति ने संगठन को मजबूत बनाने व सामाजिक एकता पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश

**महगांव कौशाम्बी** महाराजा कड़ेदीन पासी संघर्ष समिति की बैठक टेवा मंझनपुर में हुई बैठक में लोगो द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए जिसमें समाज सुधारक व एकता पर विशेष जोर दिया गया सामाजिक संगठन में किला मुक्ति आन्दोलन का मुद्दा उठा अखिल भारतीय पासी महासभा ने बैठक कर चरण बद्ध आंदोलन के रणनीति की जिम्मेदारी समाज के जनप्रतिनिधिओ को सौंपी गई। अखिल भारतीय पासी महासभा ने रविवार को टेवा स्थित सामुदायिक भवन में बैठक का आयोजन किया। बैठक में संगठन से जुड़े लोगों ने महाराजा कड़े दिन पासी किला मुक्ति आंदोलन को चलाए जाने की आम सहमति बनाई। संगठन के अगुवाकारों ने समाज के युवाओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए संघर्ष समिति का ऐलान किया। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों को आंदोलन में आर्थिक भागेदारी की जिम्मेदारी दी गई। सिराथू तहसील के कड़ा ब्लॉक स्थित जयचंद्र के ऐतिहासिक किले पर अखिल भारतीय पासी महासभा ने अपना दावा किया है। संगठन के मुताबिक, जय चंद्र ने पुरातन काल में महाराज कडेदीन पासी के किले को कब्जा किया था। जिसके कारण इतिहास कारो ने पासी समाज के नाम का विलोपन कर किले को जय चंद्र के नाम से उल्लेखित किया। इतिहास में कड़ेदीन पासी का किला होने के मजबूत साक्ष्य आज भी पुस्तकों में मौजूद हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख पंचू लाल सरोज ने समाज के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के आंदोलन की प्रमुख जिम्मेदारी आर्थिक सहयोग कर सौंपी। इसके अलावा संगठन के युवा लोगो को संघर्ष समिति की जिम्मेदारी देकर आंदोलन की रूप रेखा तैयार करने का सुझाव किया। संगठन के महाराजा कड़ेदीन पासी किला मुक्ति आंदोलन की अगली बैठक 24 सितंबर को कड़ा धाम स्थित धर्मशाला में करने का आवाहन किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख पञ्चू लाल सरोज ने बताया कि महाराज कड़े दीन पासी के किले को उसका पुराना गौरव दिलाने के लिए उन्होंने समाज व संगठन के वैचारिक मंच कर जाकर चर्चा करने की मांग उठाई। जिसका पासी समाज के निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, एवम राजनैतिक दलों में प्रतिनिधित्व करने वाले समाज के नेताओ ने समर्थन की जिम्मेदारी दी गई है। इस बैठक के दौरान चरवा नगर पंचायत अध्यक्ष जग नारायण, एडवोकेट धनंजय पासी, कांग्रेस नेता अरुण विद्यार्थी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू कुमार, राजू पासी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे

# एसडीएम से नहीं मिला न्याय तो मुख्यमंत्री कार्यालय में होगा अनिश्चित कालीन धरना

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील अन्तर्गत नगर पंचायत चरवा में प्रधानमन्त्री आवास में भ्रष्टाचार के खिलाफ किसान यूनियन संगठन द्वारा कई बार जिलों में तहसीलों में ज्ञापन दे चुका है ज्ञापन में कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज संगठन के लोग उग्र धरना प्रदर्शन करने की बात करने लगे संगठन के लोगों का कहना है कि यदि उप जिला अधिकारी से न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे संगठन द्वारा नगर पंचायत चरवा में डूडा विभाग के जेई पंकज सिंह व नूरे आलम पर आरोप लगाया कि दोनों जेई द्वारा गरीब मजदूर के साथ आवास के नाम पर 10 हजार से 20 हजार अवैध वसूली की जाती है इस भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठन द्वारा कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया लेकिन अफसर द्वारा मामले को संज्ञान नहीं लिया गया इस कारण यही पंकज सिंह वा नूर आलम द्वारा संगठन को धमकी दिया जा रहा है संगठन मजदूर किसान यूनियन इकट्ठा होकर दिनांक 12 सितम्बर को चायल तहसील एसडीएम का घेराव करेगा और न्याय न मिलने पर मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना करेगा इस मौके पर राम सिंह पटेल मुन्ना शिबू शेख ज्ञानचंद और जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडे मौजूद रहे।

# सड़क किनारे उगी बड़ी बड़ी झाड़ियां दे रही मौत को दावत

**लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से आए दिन होता है हादसा**

अखंड भारत संदेश



**महगांव कौशांबी।** जनपद के भरवारी मनौरी मार्ग पर इस समय रोड़ किनारे जंगल झंडियां हद से ज्यादा उग गई है जिससे सड़क किनारे पटरियों का नामोनिशान गायब हो गया है। वजह यह है कि बरसात के समय सड़क के दोनों तरफ किनारे की पटरियों पर बड़ी बड़ी नरकट सरपट और जंगली पौधे व झाड़ियां उगी हुई है झाड़ियों ने चौड़ी सड़क को दोनो तरफ से पूरी तरह से ढक लिया है जिससे सड़क पर चल रहे पैदल राहगीर, साइकिल, मोटरसाइकिल, से चल रहे लोगों को सड़क किनारे का दृश्य नहीं दिखाई पड़ता और अचानक आवारा पशुओं के आ जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर चलते समय सामने से आ रही बड़ी गाडियों को साइड देते समय लोग दुघर्टना के शिकार हो रहे है कभी कभी तो खुद को बचाने के लिए लोगो को इस झाड़ियों में घुसना पड़ जाता हैं । सड़क पर तेज रफ़्तार आ रहे वाहन चालकों को गाडियों को किनारे चलाते समय अचानक कब कौन सा जानवर इन झाड़ियों से निकलकर रोड पर आ जाए और दुघर्टना हो जाए यह भी डर लगा रहता हैं, झाड़ियां इतनी बड़ी बड़ी है कही कही पर उसमें से कब नीलगाय निकलकर अचानक रोड़ पर आ जाए और बड़ी दुघर्टना हो जाए इस बात का हमेशा डर बना रहता हैं। साथ ही इस घनी झाड़ियों का फायदा चोर लुटेरे और बदमाश भी उठा सकते हैं और रोड़ पर चल रहे किसी भी राहगीर को अपना निशाना बनाकर बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। बहुत जगहों पर तो गांव से निकलने वाले सड़को गलियों व पूल पुलिया आदि भी इन घनी झाड़ियों की वजह से दिखाई नहीं देती है। सड़क किनारे ये घनी झाड़ियां खतरा बनी हुई है। इस सड़क किनारे उगी झाड़ियों के चलते आए दिन राहगीर सड़क दुघर्टना के शिकार हो रहे हैं, इस पर न तो कोई जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा है और न ही कोई जिम्मेदार विभाग का आधिकारी ध्यान दे रहे हैं लोगों की मांग हैं की भरवारी से मनौरी मार्ग पर सड़क किनारे दोनों तरफ उगे नरकट, सरपत व अन्य जंगली झाड़ियों को काटकर साफ सफाई करवाने के बाद सड़क की पटरी को दुरूस्त करवाने के बाद रिफ्लेक्टर, संकेतक, ब्रेकर और बोर्ड लगाया जाए ताकि हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों की जान बचाया जा सके। आए दिन सड़क पर लोग इस वजह से दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, लेकिन ज़िम्मेदार लोक निर्माण विभाग अभी तक न तो झाड़ियों की कटाई करा पाया है और न ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नाइट रिफ्लेक्टर लगा पाया है दुर्घटना चेतावनी बोर्ड इस सड़क पर नही लग सका है। भरवारी से मनौरी मार्ग पर दर्जनों बड़े आबादी वाले गांव पड़ते हैं भरवारी से चलकर सिरियावा कला, आराई सुमेरपुर, बेरुआ, काजू , समसपुर, नगर पंचायत चरवा के कई कस्बे, सैय्यदसारावा, चिल्ला सहबाजी और मनौरी इन सभी गांवों कस्बों की रीढ़ की हड्डी और व्यापार का साधन मानी जाती है यहीं हाल जीटी रोड का भी है मुरतगंज से पुरामुफ्ती तक सड़क किनारे बड़ी बड़ी झाड़ियां उगी है लोक निर्माण विभाग खेल अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

संपादक की कलम से

## स्वामी विवेकानंद और इतिहास में उनका सबसे चर्चित भाषण

**स्वामी** विवेकानंद का शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में 11 सितंबर, 1893 को दिया गया भाषण इतिहास का सबसे चर्चित भाषण है। इस भाषण ने अमेरिका को नहीं पूरे पश्चिम को भारत का मुरीद बना दिया। नरेंद्र नाथ दत्त, जिन्हें पूरा विश्व विवेकानंद के नाम से याद करता है। 11/9 क्यों याद किया जाना चाहिए, क्योंकि उस दिन भारत के एक युवा संन्यासी ने पश्चिम के सूट-बूट वालों को बौना साबित किया था। क्योंकि उस दिन सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया गया था। 11 सितंबर को न्यूयार्क के लिए नहीं, शिकागो के लिए याद किया जाना चाहिए। विध्वंस के लिए नहीं विश्व शांति के लिए याद किया जाना चाहिए। आतंकवाद के लिए नहीं, सनातन संवाद के लिए याद किया जाना चाहिए। लादेन के लिए नहीं, नरेंद्र के लिए याद किया जाना चाहिए।

विवेकानंद के भाषण का ये जादू चिरझ्पुरातन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अध्यात्म में छिपा है। जो शिकागो से निकला व पूरे विश्व में छा गया। उस भाषण को आज भी दुनिया भुला नहीं पाती। इस भाषण से दुनिया के तमाम पंथ आज भी सबक ले सकते हैं। इस अकेली घटना ने पश्चिम में भारत की एक ऐसी छवि बना दी, जो आजादी से पहले और इसके बाद सैकड़ों राजदूत मिलकर भी नहीं बना सके। स्वामी विवेकाननंद के इस भाषण के बाद भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रूप में देखा जाने लगा। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद को उस धर्म संसद की महानतम विभूति बताया। और स्वामी विवेकानंद के बारे में लिखा था, उन्हें सुनने के बाद हमें महसूस हो रहा है कि भारत जैसे एक प्रबुद्ध राष्ट्र में मिशनरियों को भेजकर हम कितनी बड़ी मूर्खता कर रहे थे। यह ऐसे समय हुआ, जब ब्रिटिश शासकों और ईसाई मिशनरियों का एक वर्ग भारत की अवमानना और पाश्चात्य संस्कृति की श्रेष्ठता साबित करने में लगा हुआ था।

चिर पुरातन नित्य नूतन के वाहकः अतीत को पढ़ो, वर्तमान को गढ़ो और आगे बढ़ो यही विवेकानंद जी का मूल संदेश रहा। जो समाज अपने इतिहास एवं वांग्मय की मूल्यवान चीजों को नष्ट कर देता है, वह निष्प्राण हो जाते हैं और यह भी सत्य है कि जो समाज इतिहास में ही डूबे रहते हैं, वह भी निष्प्राण हो जाते हैं। वर्तमान समय में तर्क और तथ्य के बिना किसी भी बात को सिर्फ आस्था के नाम पर आज की पीढ़ी के गले नहीं उतारा जा सकता। भारतीय ज्ञान को तर्क के साथ प्रस्तुत करने पर पूरी दुनिया आज उसे स्वीकार करती हुई प्रतीत भी हो रही है। विवेकानंद ने 11 सितंबर, 1893 शिकागो भाषण में इस बात को चरितार्थ भी करके दिखाया था। जहां मंच पर संसार की सभी जातियों के बड़ेझबड़े विद्वान उपस्थित थे। डॉ. बरोज के आह्वान पर 30 वर्ष के तेजस्वी युवा का मंच पर पहुंचना। भाषण के प्रथम चार शब्द ह्यअमेरिकावासी भाइयों तथा बहनोंह्ण इन शब्दों को सुनते ही जैसे सभा में उत्साह का तूफान आ गया और 2 मिनट तक 7 हजार लोग उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाते रहे। पूरा सभागार करतल ध्वनि से गुंजायमान हो गया।

युवा दिलों की धड़कनः उम्र महज 39 वर्ष, अपनी मेधा से विश्व को जीतने वाले, युवाओं को अंदर तक झकझोर कर रख देने वाले, अपनी संस्कृति व गौरव का अभिमान विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जिनमें सब कुछ सकारात्मक है नेगेटिव कुछ भी नहीं। कल्पना कीजिए विवेकानंद के रूप में उस एक नौजवान की। गुलामी की छाया न जिसके विचार में थी, न व्यवहार में थी और न वाणी में थी।

# भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के मायने

**कमलेश पांडेय**

**वसुधैव कुटुम्बक**म से लेकर पूंजीवाद तक के लिए मुफीद ग्लोबल विलेज की अवधारणा के दृष्टिगत तेजी से बदलती दुनियादारी के बीच जी-20 देशों के नई दिल्ली घोषणा पत्र के अलावा प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की जो घोषणा हुई है, उसके वैश्विक व क्षेत्रीय आर्थिक और सामरिक मायने अहम हैं। निकट भविष्य में इनके आकार लेते ही राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मायने भी प्रभावित होने लगें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। इससे चाहे अखंड भारत का स्वप्न हो या फिर वसुधैव कुटुम्बकम का, इस प्रस्तावित वैश्विक आर्थिक गलियारे से दोनों बखूबी सधेंगे, बशर्ते कि 2024 में मोदी सरकार पुनः सत्ता हासिल कर ले। बताया गया है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे, जो भारत से इजरायल होते हुए यूरोप तक जाएगा।

मसलन, इस कॉरिडोर के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी की भागीदारी होगी। ये वो देश हैं, जो चीन के मुकाबले भारत को अपने ज्यादा करीब मानते आए हैं-लोकतांत्रिक और आर्थिक दोनों नजरिए से। इसलिए प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जी-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली का वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। जानकारों की राय में, इस नए गलियारे के फैसले से भू-राजनीतिक रूप से न केवल एशिया और यूरोप के देश एक दूसरे के बेहद करीब आएंगे, बल्कि अशांत मध्यपूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयत्न भी करेंगे।

इस नजरिए से देखा जाए तो यह एक बेहतर, अधिक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए एक साथ काम करने के लिए संकल्प लेने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बेजोड़ नमूनों में से एक है।




नया गलियारा भारत के प्रतिद्वंद्वी देश चीन के 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक भारतीय विकल्प के रूप में भी आंका जाने लगा है। इससे चीन व उसके समर्थक देशों को मिर्ची भी लगी होगी, लेकिन 'मोदी डिप्लोमेसी' के सामने न तो किसी की चलती है और न ही कुछ चलने देने के लिए कोई कमी अपनी नीति में वो छोड़ते हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुके हैं।

बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है। यह एशिया, यूरोप व अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चीन की परियोजनाओं का एक समूह है। जिसे अब भारत की बदलती सशक्त कूटनीति व रणनीति से कड़ी टक्कर मिल रही है। भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे दक्षिण एशिया, मध्यपूर्व और अफ्रीका के कई देशों ने अपनाया है। इसलिए अब बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नया प्रस्तावित आर्थिक गलियारा किस गति से लागू किया जाता है और इसके सामूहिक ध्येय की प्रतिपूर्ति में कितनी ईमानदारी बरती जाती है। भारत से मध्यपूर्व और यूरोप को जोड़ने वाले भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि "इससे वैश्विक बुनियादी ढांचे, निवेश के लिए साझेदारी, आवाजाही और सतत विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इतने बड़े कदम के साथ हम भविष्य के विकास के लिए बीज बो रहे हैं। जो आपसी विश्वास मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभायेगा।" उन्होंने आगे कहा कि "वैश्विक ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी (पीजीआईआई) के जरिए ग्लोबल साउथ देशों में बुनियादी ढांचे का अंतर भरने में हम बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।"

विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में एक साथ काम करने के इच्छुक थे, किंतु मध्य-पूर्व में दोनों को मिलकर काम करने की बहुत कम सम्भावना थी। लिहाजा भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा पर दोनों देशों ने हाथ मिला लिया है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, अमेरिकी अधिकारी भी यह मानते हैं कि इस मेगा कनेक्टिविटी परियोजना से अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक गहमागहमी में कमी आएगी। इससे इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी आएगी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी को और गहरा करेगा। क्योंकि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक सम्बन्ध बढ़ाए हैं। वहीं, इस गलियारा से पश्चिम से भारत की जमीनी कनेक्टिविटी और आसान हो जाएगी, जो पाकिस्तान की जमीनी आवाजाही के अड़ंगे को बेअसर कर देगा। तेहरान (ईरान) के साथ भारत के सम्बन्ध अच्छे हैं, लेकिन पश्चिमी देशों के साथ उसका टकराव जगजाहिर है। ऐसे में ईरान से यूरेशिया तक बनने जा रहे इस आर्थिक गलियारे से भारत की व्यावसायिक गतिविधियों पर सकारात्मक असर पड़ने की संभावना है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर यूरोप की सक्रियता का प्रतीक है। क्योंकि यूरोपीय संघ ने 2021-27 में दुनिया में बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च के लिए 300 मिलियन यूरो निर्धारित किये थे, जिसका समर्थन यूरोपीय संघ को, भारत, अरब व यूरोप को प्रमुख हितधारक बना देगा। यही वजह है कि दुनिया के अन्य देशों ने भी भारत के इस सपने को साकार करने में न केवल अहम भूमिका निभाई है, बल्कि सार्वजनिक रूप से उसकी सराहना भी की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि "प्रस्तावित आर्थिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे। यह भारत से इजरायल और यूरोप तक जाएगा। आने वाली पीढ़ियां इस ऐतिहासिक फैसले को याद रखेंगी।" उन्होंने आगे कहा कि, "आर्थिक गलियारे के प्रमुख हिस्से के रूप में हम जहाजों और रेलगाड़ियों में निवेश कर रहे हैं। इससे व्यापार आसान होगा।" तो दूसरी ओर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि, "यह पहल वैश्विक हरित व्यापार मार्ग से सम्बंधित है।"

यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने इस प्रस्तावित कॉरिडोर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि "इससे व्यापार में मजबूती आएगी और इसके साथ ही यात्रा के समय में कमी आएगी।" वहीं, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा कि "मैं उन लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने आर्थिक कॉरिडोर की स्थापना के लिए यहां तक पहुंचने में अहम योगदान दिया है।

" इसलिए समझा जा रहा है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर दुनिया के लिए तरक्की की नई राह खोलेगा। इससे विभिन्न देशों के बीच न केवल पारस्परिक संपर्क बढ़ेगा, बल्कि व्यापार और रोजगार भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ेगा। स्वाभाविक है कि इससे महाद्वीपीय संस्कृति भी एक-दूसरे से प्रभावित होगी जो परस्पर आत्मसात की जाएगी। चूंकि भारतीय सभ्यता व संस्कृति की आत्मसात करने की क्षमता दूसरों से अधिक है, इसलिए, नया गलियारा उसकी लोकप्रियता वृद्धि में भी सहायक हो सकता है।

## दुनिया में गूंज रहा है स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण

**योगेश कुमार गोयल**

**युवाओं** के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी।

स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत ह्यमेरे अमेरिकी भाइयों और बहनोंह्ण के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका




बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिये ऊजार्वान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन ह्यशिकागो वक्तृता दिवसह्ण के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी।

युवाओं की अहम भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ह्यह्यब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जियो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है।

## जी 20- सम्मलेन में मित्र देशों को भी भारत ने दिया सम्मान

**आर.के. सिन्हा**

**भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने** करीबी मित्र देशों जैसे बांग्लादेश, मारीशस, संयुक्त अरब अमीरत वगैरह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करके मित्र धर्म का निर्वाह किया। भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, हालांकि कभी-कभी सीमा विवाद तो होते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के बीच मधुर संबंधों के चलते दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। ये दोनो देश सार्क, बिम्सटेक, हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ और राष्ट्रकुल के सदस्य भी हैं। विशेष रूप से, बांग्लादेश और पूर्व भारतीय राज्य जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा बंगाली भाषा बोलने वाले प्रांत हैं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच बांग्लादेश मुक्ति युद्ध शुरू हुआ और भारत ने पूर्वी पाकिस्तान की ओर से दिसंबर 1971 में हस्तक्षेप किया। फलस्वरूप बांग्लादेश राज्य के रूप में पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने में भारत ने मदद की। शेख हसीना का भारत के प्रति बहुत कृतज्ञता का भी भाव है। उन्हें भारत ने 1975-1981 के दरम्यान शरण दी थी। वे तब राजधानी में अपने पति और दोनों बच्चों के साथ निर्वासित जीवन बिता रही थीं। उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त,1975 को कत्ल कर दिया गया था। उस भयावह हत्याकांड के दौर में शेख हसीना अपने पति एमए वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियर साइंटिस्ट थे। इतनी बड़ी त्रासदी ने शेख हसीना को बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थीं। तब भारत सरकार ने उन्हें उनके परिवार के साथ भारत में शरण दी थी। उस वक्त उनका बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। तब शेख हसीना सपरिवार भारत आ गईं। उन छह बरसों के दौरान शेख कमोबेश गैर-राजनीतिक थीं । बावजूद इसके कि वे शेख मुजीब जैसे धाकड़ नेता की पुत्री थीं। वे जब भारत में आईं तब भारत में इमरजेंसी लग चुकी थी।

इस बीच, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भी आपसी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा की। मारीशस को लघु भारत या भारत से बाहर भारत कहा जाता है। वहां पर भारत वंशी बहुमत में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मारीशस यात्रा के दौरान महत्वाकांक्षी नीति सागर की शुरूआत की। यह पिछले कई दशकों में भारत द्वारा हिंद महासागर में किया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास था। भारत के लिये मारीशस में सामरिक दृष्टिकोण से अपार संभावनाएं निहित हैं तथा दोनों देशों की साझेदारी गन्ने के बागान, वित्तीय सेवाएं तथा तकनीकी नवाचारों से कहीं आगे जा सकती है।

# क्या चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी से एनडीए की परेशानी बढ़ जाएगी ?

**गौरव**

**क्या** चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी से एनडीए की परेशानी बढ़ जाएगी ?अभी हाल केउपचुनावों के रिजल्ट से एनडीए अभी उभर भी न पाई थी कि तेलुगु देशमपार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की खबर आ गई ।जगनमोहन भले ही भाजपा के करीबियों में हैं,मगर तेलगु राज्यों में पैर जमाने के लिए भाजपा को एक पार्टनर कीजरूरत है। पिछले दिनों चंद्रबाबू नायडू ने संकेत दिए थे कि वह एनडीए का हिस्सा होसकते हैं। उन्होंने 2018 में एनडीए से एक्जिट होने पर भी खेदजताया था। आंध्र को विशेष राज्य के दर्जे को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार से समर्थनवापस ले लिया था। मगर लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद नायडूदोबारा एनडीए में वापसी की तैयारी कर रहे थे। हाल में ही उन्होंने नरेंद्र मोदी कीतारीफ भी की थी। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि देश के हित के लिए छोटी मांगों को नजरअंदाजकिया जा सकता है। विपक्षी दलों को गठबंधन इंडिया बनने के बाद भाजपा ने टीडीपी के लिए एनडीए कारास्ता खोलने का मन बना लिया था। सूत्रों के अनुसार, भाजपा औरतेलगुदेशम सीट शेयरिंग फामूर्ले पर बात चल रही थी । अब करप्शन के मुद्दे परचंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी से भाजपा असमंजस में फंस गई है। तेलंगाना मेंकेसीआर के खिलाफ भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रही भारतीय जनता पार्टी आंध्र प्रदेश मेंकरप्शन के घिरे नायडू से कैसे तालमेल करेगी? जगन मोहन रेड्डीने भाजपा के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हालांकि भाजपा आंध्र में एक्टर पवनकल्याण की पार्टी जनकल्याण सेना सेना से गठबंधन कर चुकी है, मगरवह राज्य में मजबूत स्थिति में नहीं है।ज्ञात हो कि चंद्रबाबूनायडू को को स्टेट सीआईडी ने स्किल डेवलपमेंट घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है।अगले साल की शुरूआत में देश में आम चुनाव और आंध्रप्रदेश में विधानसभा चुनाव होनेहैं और ऐसे में नायडू की गिरफ्तारी ने सबकों चौंका दिया है। साथ ही इस गिरफ्तारी ने आंध्रप्रदेश की राजनीति में नायडू और रेड्डी परिवार के बीच की पॉलिटिकल द्वेष को भी फिर चर्चा में ला दिया है। जगनमोहन रेड्डी औरचंद्रबाबू नायडू की राजनीतिक दुश्मनी 2012 में एकरिपोर्ट से शुरू हुई। जगन के पिता वाई चंद्रशेखर रेड्डी के निधन के बाद कांग्रेसने के रोसैया को चीफ मिनिस्टर बना दिया। जगन के दावे की अनदेखी कर बाद में एन.किरनरेड्डी की ताजपोशी कर दी। जगन मोहन रेड्डी ने कांग्रेस से बगावत शुरू कर दी। तबकांग्रेस की सरकार ने वाईएसआर के कार्यकाल में रहे मंत्रियों की रिपोर्ट बनाई। इसरिपोर्ट में जगन की संपत्ति के बारे में छानबीन की गई। बताया जाता है कि कांग्रेससरकार ने यह रिपोर्ट लीक कर दी और तेलगुदेशम ने जगन मोहन के खिलाफ आय से अधिकसंपत्ति रखने का आरोप लगाते हुए अभियान शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि जगन कीसंपत्ति की जांच का जिम्मा सीबीआई और ईडी को सौंप दिया गया। इस मामले में जगन मोहनरेड्डी की गिरफ्तारी भी हुई। जगन 16 महीने जेल में रहे औरसितंबर 2013 में बाहर निकले। 2019 मेंसत्ता में आने के बाद चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ भी जांच शुरू कराई। सबसे पहलेनायडू की करोड़ों की इमारत प्रजा वेदिका पर बुलडोजर चलवाया। सरकार का दावा था किचंद्रबाबू नायडू का अमरावती में बना प्रजा वेदिका गैर कानूनी तरीके से बनाई गईहै। फिलहाल चंद्रबाबू की गिरफ्तारी भी राजनीति रंग ले रही है।चंद्रबाबू नायडू के राजनीतिक करियर भी काफी दिलचस्प है।एक वक्त था उनकी मर्जी से केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार बड़े फैसले कियाकरती थी। चंद्रबाबू नायडू तेलुगू सिनेमा के सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश की पूर्वमुख्यमंत्री एनटी रामाराव के दामाद हैं। साल 1995 में उन्होंने अपने ससुर के खिलाफ बगावत करके उनकी बनाई पार्टी तेलुगु देशमपर कब्जा कर लिया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी एनटीआर बस हाथ मलते ही रह गए।आंध्रप्रदेश की राजनीति में एक चमकदार सितारे की तरह उभरते हुए नायडू ने 1999से विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी तो की। साथ ही वो केंद्र कीएनडीए सरकार का एक मजबूत स्तंभ भी बने और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के कार्यकाल केपूरा होने की बड़ी वजह भी बने।कहा जाता है कि नायडू की सलाह पर ही वाजपेयी सरकार नेसाल 2004के वक्त से पहले ही लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया था। जोकिआत्मघाती फैसला साबित हुआ था और केंद्र में एनडीए को और आंध्र प्रदेश में नायडू कोअपनी सत्ता गंवानी पड़ी। साल 2004 में आंध्र प्रदेश की सत्तामे कांग्रेस की वापसी हुई, जिसकी कमान वाईएस रेड्डी के हाथोंमें जिन्हें वाईएसआर कहा जाता था। वाईएसआर और चंद्रबाबू नायडू साल 1978 में कांग्रेस के टिकट पर चुनकर एक साथ पहली बार विधानसभा पहुंचे थे। दोनोंही टी अंजैया की सरकार में जूनियर मिनिस्टर भी बने थे। साल 1984 में जब एनटीआर ने तेलुगू देशम पार्टी बनाई तो नायडू कांग्रेस छोड़कर अपनेससुर की पार्टी में शामिल हो गए और यहीं से उनके और रेड्डी परिवार के बीच आधं प्रदेशकी सबसे बड़ी पॉलिटिकल द्वेष का आगाज हुआ।साल 1999 में जब नायडू की पार्टी तेलुगुदेशमने लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई तो वाईएसआर विपक्ष के नेताबने। उस वक्त नायडू काफी पावरफुल थे और केंद्र की वाजपेयी सरकार उनकी सहमति केबिना कोई फैसला लेने की हालत में नहीं थी, लेकिन ये 2004में ये गेम बदल गया। वाईएसआर आंध्र प्रदेश की मुख्यमंत्री बन गए और केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वालीयूपीए सरकार बन गई। साल 2009 में वाएसआर ने नायडू को फिरशिकस्त दी। आंध्र प्रदेश कांग्रेस और केंद्र में फिर से यूपीए की सरकार बनी। उसवक्त ये माना जा रहा था कि नायडू का सियासी जादू अब खत्म होने लगा है, लेकिन साल 2009 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में वाईएसआरकी मौत ने इस सूबे की राजनीति को फिर बदल दिया। कांग्रेस ने पहले के रोसैया और फिरकिरण रेड्डी की मुख्यमंत्री बनाया औरवाईएस आर के बेटे जगन मोहन रेड्डे कांग्रेस से नाराज हो गए। ऐसा कहा जाता है किजगनमोहन रेड्डी की राजनीति को शुरू होने से पहले ही खत्म करने के लिए स्टेटकांग्रेस और नायडू ने हाथ मिला लिया। आरोप भ्रष्टाचार के थे ।

# रैपुरा पुलिस ने ट्रक चोरी की घटना का किया सफल अनावरण

## चोरी का ट्रक बरामद करते हुये 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस ने ट्रक चोरी की घटना का अनावरण करते हुए चोरी का ट्रक बरामद कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीते 8 सितम्बर को रैपुरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भौरी गांव के निवासी हरिमोहन त्रिपाठी पुत्र स्व अनुसूइया ने थाना रैपुरा में सूचना दी थी कि उनका ट्रक भौरी गांव में राजनारायण मिश्रा के डंप की दुकान में खड़ा था। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना में रैपुरा मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने घटना को संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष रैपुरा को घटना के अनावरण के लिए निर्देशित किया। थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने मुकदमें की विवेचना उप निरीक्षक रमेश सिंह यादव को सौंपी। उप निरीक्षक रमेश सिंह यादव व आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा बीते शनिवार को तिसेनतुलापुर रोड के किनारे



स्थित बाग थाना मांडा जनपद प्रयागराज से चोरी किए गए ट्रक को बरामद किया। साथ ही आरोपी पंकज कुमार पुत्र छोटेलाल ग्राम डिघिया थाना मांडा जनपद प्रयागराज को सुरवा दालापुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि उसके जीजा मिथलेश कुमार पुत्र स्व कुलदीप कुमार निवासी अरैल मोड़ थाना नैनी जनपद प्रयागराज ने यह ट्रक चोरी करवाकर 2 लोगों के माध्यम से उसके पास पहुँचाया था। ट्र को उसने तिसेनतुलापुर रोड के किनारे बागीचे में खड़ा करवा दिया था। ग्राहक मिलने पर ट्रक को बेच देते। चोरी के ट्रक की बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बढ़ोत्तरी की गयी। मिथलेश कुमार एवं उसके अन्य 2 साथियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे।

## भाद्रपद मास की अमावस्या के दृष्टिगत नो एंट्री एवं मार्ग परिवर्तन

**चित्रकूटः** भाद्रपद मास की अमावस्या के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किये जाने वाले प्रयासों के क्रम में शहर क्षेत्र में एवं निम्नांकित मार्गों पर भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन वाहनों को छोड़कर) का प्रवेश एवं परिवहन 13 सितम्बर सुबह 05.30 बजे से 15 सितम्बर की रात्रि 09.30 तक पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। जिसमें रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व प्रयागराज रोड, पुलिस लाईन तिराहा मानिकपुर रोड, बेड़ी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा बांदा मार्ग), लोढ़वारा मोड राजापुर मार्ग, शेषनपुरवा मोड सोनेपुर सतना मार्ग, बेड़ी पुलिया तिराहा से निमोर्ही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर तक, शिवरामपुर तिराहा से यूपीटी तिराहा, भरतकूप तिराहा से खोही तिराहा व
खोही तिराहा से यूपी एमपी बार्डर पीली कोठी तक भारी एवं मध्यम माल वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

आदेश के प्रभावी रहने तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों के परिवहन के लिये मार्ग परिवर्तित किया गया है। जिसमें प्रयागराज से बांदा व सतना जाने वाले वाहन बोड़ी पोखरी चैराहा से राजापुर होते हुये बांदा की तरफ जायेगें, बोड़ी पोखरी चैराहा से सरैंया मारकुण्डी होते हुये सतना की तरफ जायेगें, राजापुर से आने वाले बड़े वाहन, पहाड़ी से अतर्रा बांदा की तरफ जायेगें, बांदा से प्रयागराज जाने वाले वाहन अतर्रा, बिसन्डा, पहाडी से राजापुर होकर प्रयागराज की तरफ जायेगे, सतना से प्रयागराज व कौशाम्बी जाने वाले वाहन बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चैराहा से प्रयागराज की तरफ जायेगें, बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चैराहा से राजापुर होते हुये कौशाम्बी की तरफ जायेगें।

## जे एन मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग ने देहदान कर्त्तव्य संस्था को किया सम्मानित

**अलीगढ। जे** एन मैडिकल कॉलेज नेत्र विभाग ने देहदान कर्त्तव्य संस्था को मानवीय,प्रसंशनीय व अद्वितीय कार्यों हेतु डॉ एस के गौड़ अध्यक्ष, डॉ जयंत शर्मा सचिव को आमंत्रित कर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।संस्था के सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार इस अवसर पर देहदान कर्तव्य संस्था के अध्यक्ष डॉ एस के गौड़ ने कहा कि हमारी इस मुहिम में नेत्र विभाग मानवीय सहयोगी बन रहा है। विशेष कर डॉ मुहम्मद शाकिब,




मुहम्मद साबिर,शमीम,आदि । उन्होंने बौद्धिक स्तर वाले एकत्रित समूह का आह्वान करते हुए कहा इस समारोह का मकसद जब ही पूरा होगा कि उपस्थित सभी लोगनेत्रदान हेतु संकल्पित हों। इन्सानियत से ऊपर ना ही कोई धर्म और ना ही कोई इबादत है। देहदान कर्तव्य संस्था के सचिव डॉ जयन्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जे एन मैडिकल कॉलेज देश भर में प्रसिद्धि के वाबजूद अंगदान कराने में असक्षम है। और तो और नेत्र बैंक का रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल में छह माह से अधिक समय जाया होना दुःख का विषय है। ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इस दौरान संस्था प्रयास के वाबजूद अनेकों नेत्रदान नहीं हो पाए।

## जिम आ रहे दो युवकों पर जानलेवा हमले का प्रयास, बाइक में तोड़फोड

**बुलंदशहर। औरंगाबाद** थाना क्षेत्र के मुंडी बकापुर सत्संग भवन के सामने शनिवार की सुबह बुलेरो कार सवार बदमाशो ने बाइक से जिम जा रहे दो युवकों को रोककर उनपर जानलेवा हमले का प्रयास किया।बाइक छोड़कर दोनों युवक भाग गए बदमाशो ने बाइक में तोड़फोड़ कर डाली और फरार हो गए पीड़ित ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।
बता दे कि गांव रामगढ़ निवासी अरविंद कुमार उर्फ भूरी और शक्ति ठाकुर बाइक से औरंगाबाद में



रोजाना एक साथ जिम करने के लिए आते है सुबह करीब छह बजे घर से दोनों बाइक से जिम जा रहे थे।

बुलंदशहर, औरंगाबाद, गढ़मुक्तेश्वर हाईवे स्थित मुंडी बकापुर के राधा स्वामी सत्संग भवन के पास पीछे की ओर से आती बुलेरों गाड़ी और बाइक ने ओवरटेक करके बाइक को रुकवा लिया जैसे ही हमलावरों ने अरविंद उर्फ भूरी के सिर में पीछे से लोहे की रॉड मारी तो बाइक सवार दोनो युवक बाइक छोड़कर गन्ने के खेत में भाग खड़े हुए और अपनी जाने बचाई।इस दौरान हमलावर बाइक में तोड़फोड़ करते हुए मौके से फरार हो गए।भूरी ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले उसके फोन पर अज्ञात नंबर से धमकी भरी कॉल आई थी।

## लम्पी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में पशुओं में लम्पी बीमारी से बचाव के प्रबन्धन की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गोवंश पर लम्पी वायरस का दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में इसके प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशु मेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अन्तरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोआश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश प्रतिबन्धित कर दिया जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि लम्पी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का



विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है।

यह मच्छर इत्यादि से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में ग्राम्य विकास, नगर विकास और पशुपालन विभाग द्वारा परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो। लम्पी वायरस से संक्रमित गोवंश, स्वस्थ हुए गोवंश और गैर संक्रमित गोवंश के लिए पृथक-पृथक बाड़े की व्यवस्था की जाए। निराश्रित गोवंश स्थलों/कान्हा उपवनों के साथ-साथ आम पशुपालकों को भी इस बीमारी के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। राज्य सरकार पशु संवर्धन तथा संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए।

वर्तमान में 6,889 निराश्रित गोवंश स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनके साथ-साथ गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के भी आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 85 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत गो-सेवकों को सुपुर्द किए गए हैं। निराश्रित गोवंश स्थलों तथा गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को गोवंश के भरण-पोषण के लिए वर्तमान में 30 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। अब इसे बढाकर 50 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन किया जाए। इस सम्बन्ध में कोई भी बकाया अवशेष न रहे।इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव पशुपालन तथा दुग्ध विकास डॉ0 रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 24 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

सरैया चैकी प्रभारी हारुन रशीद खां तथा आरक्षी रोहित कुमार, चन्द्रभूषण राय द्वारा सुशील पुत्र कोदू कोल निवासी रम्पुरिया को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश कुमार राय तथा आरक्षी ललित सोनी, धर्मेन्द्र द्वारा कुन्ती रैदास पुत्र भैरव प्रसाद निवासी भदेदू को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 8 के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह ने जनता में भय आतंक फैलाने वाले रोहित पुत्र मुन्ना निवासी बाल्मीकी नगर, सोनू तिवारी, राजबहादुर, मोनू तिवारी पुत्रगण यदुराज निवासीगण इन्द्रानगर, सत्येन्द्र पुत्र धीरू, गुड्डू कोल पुत्र राजन कोल, छोटू पुत्र हुबलाल निवासीगण गोविन्द नगर व समीर पुत्र मनोज निवासी रामपुर कल्याणगढ़ के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## क्षेत्राधिकारी नगर ने बहिलपुरवा थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



**चित्रकूटः** क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय ने थाना बहिलपुरवा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, बंदीगृह, थानाध्यक्ष कार्यालय, बैरिक, मैस का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह को साफ-सफाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने थाने के रजिस्टरों को अद्यावधिक करने के लिए एवं थाने पर मुकदमों से सम्बन्धित माल को निस्तारण करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## अनुशासन ही व्यक्ति का वास्तविक संस्कार है - डॉ. बी के जैन




**चित्रकूटः** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान के स्वामी विवेकानंद सभागार में सहकारिता भारती की उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के समापन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ. बी के जैन ने कहा कि अनुशासन ही व्यक्ति का सबसे बड़ा संस्कार है। व्यक्ति को अनुशासित रहते हुए अपने कार्य के प्रति ईमानदार होना चाहिए और कठिन परिश्रम करना चाहिए तभी व्यक्ति वास्तविक संस्कारी हो सकता है। अनुशासन ही व्यक्ति का वास्तविक संस्कार है। उन्होंने कहा कि हर इंसान को दूसरे के बारे में ये नही सोचना चाहिए कि उसने क्या किया, बल्कि ये सोचना चाहिए कि हमने क्या किया। इस सोच के साथ काम करने वाले लोग जीवन में कभी असफल नहीं हो सकते।

## लापरवाहीः यातायात नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां, एक बाइक पर चार लोग, हादसे को दे रहे दावत

**शिकारपुर (बुलंदशहर)।** जहां एक तरफ पुलिस प्रशासन लोगों को यातायात नियमों के अनुरूप चलने की सलाह दे रही है वहीं लोग यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर में देखने को मिला जहां एक बाइक पर चार-चार लोग सवार होकर जा रहे हैं।मनाही के बाद भी युवा वर्ग किसे गंभीरता से नहीं ले रहा है ।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया सफाई अभियान



**चित्रकूटः** कामदगिरि स्वच्छता समिति का यह स्वच्छता अभियान जन जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष नगर पालिका ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि कामतानाथ परिक्रमा में सेवा भाव के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। निरंतर स्वच्छता अभियान चलने से कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता का प्रभाव अब दिखने लगा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ जीवन मंत्र जैसे सुबह दांतों को साफ करने की आदत होती है, इसी तरह अपने आस-पास कहीं भी कचरा दिखे तो उसको स्वयं साफ करें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता के प्रति हमें स्वयं जागरूक होना चाहिए। जब हम स्वयं जागरूक होंगे तभी समाज में स्वच्छता का प्रभाव दिखेगा।

इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, अंजू वर्मा, सभासद शुभम केशरवानी, अंकुर केशरवानी, सुमित केशरवानी, विनोद कुमार, मोनू, मनोज कुमार, संतोष गुप्ता, जानकी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

-----------------------

## कलयुगी बेटे ने ले ली पिता की जान दो गिरफतार

**अलीगढ़। अलीगढ़** के चण्डौस थाना क्षेत्र के गांव बहारपुर में खूॅन के रिश्तों को तार-तार करने वाली घटना सामने आयी है। जहां एक कलयुगी बेटे ने शुक्रवार को मामा और एक अन्य के साथ मिलकर पिता को मौत के घाट उतार दिया। शनिवार की सुबह जब लोगों ने गावं से बाहर पंचायत घर के पास शव पडा देखा तो सनसनी फैल गयी। पुलिस को सूचना मिली तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने बेटे व मृतक के साले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार चण्डौस थाना क्षेत्र के बहारपुर निवासी प्रेमपाल पुत्र टूकीराम जो अपने बहू बेटे के साथ रहता था। बताया जाता है कि मृतक का बेटा प्रवीन शराब पीता था। जिसे लेकर प्रवीन का अपने पिता प्रेमपाल से विवाद हो गया था। इसके बाद प्रवीन ने शुक्रवार को अपने मामा महेश पुत्र हीरालाल व एक अन्य को बुला लिया और जबरन प्रेमपाल को गांव से बाहर पंचायत घर के पास ले गये और तीनों ने मिलकर प्रेमपाल की हत्या करदी और फरार हो गये। शनिवार की सुबह लोगों ने पंचायत घर के पास प्रेमपाल का शव पडा देखा तो सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी और उसके बेटे व गांव के लोगों से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गयी। लोगों ने बताया कि प्रेमपाल को उसके प्रवीन के साथ देखा था। इसके बाद पुलिस ने प्रवीन से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। पुलिस ने प्रवीन समेत मृतक के साले महेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब तीसरे शख्स की तलाश में जुट गयी।

राधा इंटरनेशनल अकादमी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

इगलास के गोंडा मोड़ स्थित राधा इंटरनेशनल एकेडमी में आज वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें सीनियर सेकेंडरी कक्षा 9जी और 10जी के छात्रों ने सहभागिता दी इसमें कक्षा 10जी के खिलाड़ी अब्बल रहे।प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शर्मा ने खेल गतिविधियों को शिक्षा का आधार बताया।संस्था के डायरेक्टर इंजीनियर दीपक मुकुटमणि जी ने नई शिक्षा नीति में खेल गतिविधि के द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया उप प्रधानाचार्य दुर्गेश पचैरी ने भी खेल के महत्व पर प्रतिभागियों को जागरूक एवं खेल के महत्व को बताया। प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक कराने में कोच यतेंद्र शर्मा एवं चंद्रशेखर सर का सहयोग सराहनीय रहा।

## सभी सरकारी व निजी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रूप से रिपोर्टिंग हो

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक में प्रदेश में संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर माह में संचारी रोगों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियन्त्रण अभियान संचालित होता है। आगामी अक्टूबर माह से इसका नवीन चरण प्रारम्भ होना है। इसमें सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। हमारे सामने इंसेफेलाइटिस नियन्त्रण और कोविड प्रबन्धन के दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग नियन्त्रण अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे। आज हर जनपद में डेंगू जांच की सुविधा है। आगामी 15 नवम्बर तक का समय संचारी रोगों की दृष्टि से संवेदनशील है।
हाल के दिनों में गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, मुरादाबाद जनपद डेंगू से प्रभावित रहे हैं। जनपद बुलन्दशहर व सम्भल में डेंगू आउटब्रेक की स्थिति भी देखी गई। जबकि जनपद बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई बदायूं, पीलीभीत और सम्भल में मलेरिया का असर रहा है। इसी तरह जनपद प्रयागराज, कानपुर नगर, बाराबंकी, कुशीनगर, संत कबीरनगर, सहारनपुर व बस्ती में चिकुनगुनिया की दृष्टि से संवेदनशील हैं। इन जनपदों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में इंसेफेलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा उपचार के दौरान मौत

**अलीगढ़**

**थाना हरदु**आगंज क्षेत्र के अंतर्गत देर रात एक वाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया जहां उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में युवक की मृत्यु हो गई पीड़ित पिता देवेंद्र निवासी सिद्ध मोहल्ला हरदुआगंज ने जानकारी देते हुए बताया मेरा पुत्र दिनेश उम्र 20 साल किसी कार्य के लिए कासिमपुर जा रहा था हरदुआगंज कासिमपुर मार्ग पर बैरया नगला के करीब अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना परिजनों को पुलिस ने दी तो घायल युवक को पंडित दीनदयाल हॉस्पिटल में भर्ती किया जहां से जैएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया परिजन घायल युवक को एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उपचार के दौरान रात उसकी मृत्यु हो गई पुलिस ने शव,को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है पिता ने गमजदा होते हुए बताया दिनेश मेरा इकलौता पुत्र था पत्नी की 15 साल पूर्व मृत्यु हो चुकी है पुत्र की मृत्यु से पिता को गहरा सदमा लगा है वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुड़ गई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

## भारत में जी20 की सफलता से तिलमिलाया चीन, अमेरिका-पश्चिम देशों पर लगाया अपने एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप

**बीजिंग।** जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले दिन ही दिल्ली डिक्लेरेशन के लिए सभी देशों को मनाकर झंडे गाड़ दिए। रूस-युक्रेन जंग के बीच पश्चिमी देशों और रूस-चीन के दो अलग-अलग धड़ों को किसी बात पर राजी कर पाना आसान नहीं था, लेकिन भारत ने यह करके दिखा दिया। वहीं, ब्रिटेन ने ग्रीन क्लाइमेट फंड को दो अरब डॉलर देने का एलान किया। इस बीच चीन के दैनिक अखबार का एक संपादकीय सामने आया है, जिससे स्पष्ट है कि भारत में जी-20 की सफलता से चीन भड़क उठा है। उसने अमेरिका-पश्चिम देशों पर अपने एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। दरअसल, चीन के एक अखबार ने अपने संपादकीय में कहा कि भारत इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आर्थिक सुधार और बहुपक्षीय कूटनीति पर चर्चा कर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। हालांकि, यह अमेरिका और पश्चिम देशों के चाहत से अलग है। संपादकीय में उम्मीद जताई कि इस साल नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन व्यवधानों को दूर करेगा और एक सफलता की कहानी बनाएगा। चीन ने अमेरिका और पश्चिम देशों पर अपने स्वयं के एजेंडे को बढ़ावा देने और वैश्विक उत्तर और दक्षिण को विभाजित करने के साथ-साथ पश्चिम और पूर्व के बीच टकराव को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उसने निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका और पश्चिम, जो अक्सर दावा करते हैं कि वे भारत के साथ खड़े हैं, ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के बीच मतभेदों को प्रचारित करने के लिए बहुत प्रयास किए हैं। वे आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख विश्व मंच पर अपने एजेंडे को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बस दुर्घटना; छह की मौत, 50 घायल

**बीजिंग।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। बस एक धार्मिक सभा के लिए ईसाई तीर्थयात्रियों को ले जा रही थी। हादसा लाहौर से करीब 50 किलोमीटर दूर शेखूपुरा में हुआ।अधिकारियों के मुताबिक, बस ईसाई तीर्थयात्रियों को मरियमाबाद में राष्ट्रीय मैरियन श्राइन में धार्मिक सभा के लिए ले जा रही थी। खानका डोगरान,




शेखुपुरा में एक मोड़ पर बस पलट गई। पुलिस और बचाव अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस में क्षमता से ज्यादा 60 यात्री सवार थे। मोड़ लेते समय चालक ने तेज रफ्तार वाहन पर से नियंत्रण खो दिया।

पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और स्वास्थ्य अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। मरियमाबाद में राष्ट्रीय मैरियन श्राइन 1949 से मैरी के जन्मोत्सव के लिए वार्षिक तीर्थयात्रा का स्थल रहा है। मरियमाबाद को 'मैरी शहर' के नाम से भी जाना जाता है। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। अगस्त में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईंधन टैंक ले जा रही एक पिक-अप वैन से टकराने के बाद एक यात्री बस में आग लगने से 18 लोगों की मौत हो गई थी और 16 अन्य घायल हो गए थे।

## G20: भारत की कूटनीति का 'मुरीद' हुआ अमेरिकी मीडिया, लिखा- पीएम मोदी ने आगे बढ़कर किया नेतृत्व

**वाशिंगटन** नई दिल्ली में हो रहे जी20 सम्मेलन से जुड़ी खबरें दुनियाभर के मीडिया में छाई हुई हैं। अमेरिकी मीडिया ने भी इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमेरिकी मीडिया में लिखे गए लेखों में परोक्ष रूप से भारतीय कूटनीति को सराहा गया है। दरअसल यूक्रेन युद्ध के चलते संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण था लेकिन भारत ने अपने कूटनीतिक कौशल से इस मुश्किल काम को भी अंजाम दे दिया। हालांकि संयुक्त घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस को जवाबदेय ना ठहराए जाने को लेकर अमेरिकी मीडिया में नाराजगी भी दिखी। यूक्रेन युद्ध को लेकर लिखी ये बात न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख में लिखा गया है कि नई दिल्ली में जी20 सम्मेलन के संयुक्त घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के आक्रामक रुख और उसके क्रूर आचरण की निंदा नहीं की गई। हालांकि यूक्रेनी लोगों की पीड़ा पर दुख व्यक्त किया गया जबकि बीते साल इंडोनेशिया के बाली में जी20 के संयुक्त घोषणा पत्र में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की कड़ी निंदा की गई थी और रूस को अपनी सेना को यूक्रेन की धरती से वापस बुलाने की मांग की गई थी।

# अमेरिका 2026 में करेगा जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 2026 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की पुष्टि की है। उसने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी कई समस्याओं से जूझ रही है भारत की अध्यक्षता में हुए इस साल के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन ने यह साबित कर दिया कि अभी भी जी-20 सबसे गंभीर मामलों का हल निकाल सकता है। 2026 में यह सम्मेलन राजधानी वाशिंगटन में होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में व्हाइट हाउस के हवाले सेजारी उसके बयान के आधार पर यह जानकारी दी गई है। माडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत की राजधानी नई दिल्ली में




आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन सबसे गंभीर मुद्दों का हल निकालने की दिशा में एक बड़ा कदम है। व्हाइट हाउस का यह बयान दिल्ली की घोषणा के तुरंत बाद आया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका भारत की जी-20 अध्यक्षता में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसकी शुरुआत 2024 में ब्राजील और 2025 में दक्षिण अफ्रीका की प्रेसीडेंसी से होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिका ने अफ्रीकी यूनियन के जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने पर स्वागत किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अफ्रीका की महत्वपूर्ण भूमिका है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अफ्रीकी यूनियन के जी-20 के 21वें सदस्य के रूप में शामिल होने की घोषणा की थी।

## भारत-यूरोप को जोड़ने वाली रेल लिंक परियोजना से इस्रायल खुश

**यरुशलम।** दिल्ली में जी20 सम्मेलन के दौरान एक बड़ा एलान किया गया। इसके तहत भारत-मध्यपूर्व- यूरोप के बीच एक आर्थिक गलियारे का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत भारत को यूरोप से रेल और शिपिंग माध्यम से जोड़ा जाएगा और यह रेल लिंक प्रोजेक्ट मध्य पूर्व के देशों से होकर गुजरेगा। इस प्रोजेक्ट पर इस्रायल के पीएम बेंजामिन नेतान्याहू ने खुशी जाहिर की है और इसे इतिहास की सबसे बड़ी परियोजना करार दिया है। बता दें कि जी20 सम्मेलन से इतर भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय यूनियन के शीर्ष नेताओं ने इस आर्थिक गलियारे के निर्माण का एलान किया। इस आर्थिक गलियारे को चीन की वन बेल्ट वन रोड परियोजना का जवाब माना जा रहा है। बता दें कि चीन भी वन बेल्ट वन रोड परियोजना के जरिए कई देशों से सड़क और रेल मार्ग से जुड़ने की तैयारी कर रहा है। इस परियोजना के एलान के बाद इस्रायल के पीएम बेंजामिन नेतान्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट के फोकस में इस्रायल है, जो एशिया को यूरोप से जोड़ेगा। इस परियोजना के मध्य पूर्व और इस्रायल की सूरत बदल जाएगी। पूरी दुनिया पर इसका असर पड़ेगा। इस्राइली पीएम ने बताया कि आईएमईई आर्थिक गलियारा परियोजना के तहत रेल लिंक, हाइड्रोजन पाइपलाइन, फाइबर ऑप्टिक कम्युनिकेशन केबल्स और इलेक्ट्रिसिटी केबल्स बिछाने के साथ ही कई अन्य ढांचागत विकास किया जाएगा। नेतान्याहू ने कहा कि इस्रायल इस प्रोजेक्ट में हर संभव मदद देगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से आर्थिक संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे।

# मोरक्को में भूकंप से अब तक 2,012 लोगों की मौत

**रबात।** मोरक्को में घड़ी की सूई घूमने के साथ-साथ भूकंप से हुई जानमाल की तबाही का डरावना मंजर दुनिया के सामने आने लगा है। हाई एटलस पहाड़ियों पर आए इस भूकंप ने कई शहर और गांवों को मकतल बना दिया है। मोरक्को के आंतरिक मंत्रालय ने आज कहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 2,012 और घायलों का 2,059 पहुंच चुका है। इनमें से1,404 की हालत गंभीर है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप के केंद्र के पास अमिजमिज गांव में भारी तबाही हुई है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। मलबे से गलियां पट गई हैं। अपनों के शव देखकर लोगों की आंखें पथरा गई हैं। इस भूकंप से प्राचीतम शहर मराकेश में भी भारी विनाश हुआ है। इस शहर में यूनेस्को की विश्व धरोहर



स्थल सूची में शामिल कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। भूकंप से सबसे ज्यादा विनाश अल हौज, उआरजाजेट, मराकेश, अजीलाल, चिचौआ और तारौदंत प्रांतों में हुआ है।

मोरक्को के भू-भौतिकी केंद्र की कल की सूचना के मुताबिक भूकंप हाई एटलस के इघिल क्षेत्र में आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.2 थी। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.8 बताई । उसने कहा है कि यह 18.5 किलोमीटर ( 11.5 मील) की अपेक्षाकृत उथली गहराई पर था।

# पुतिन का ऐलान, उत्तर कोरिया के साथ सभी मोर्चों पर संबंध मजबूत करेगा रूस

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने उत्तर कोरिया के साथ सभी मोर्चों पर संबंध मजबूत करने का ऐलान किया है। उत्तर कोरिया की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को बधाई देते हुए दोनों देशों के रिश्तों की अहमियत पर जोर दिया है। पुतिन ने किम को बधाई संदेश भेजकर कहा कि वे संयुक्त प्रयासों की बदौलत सभी मोर्चों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना जारी रखने को लेकर आश्वस्त हैं। ये हमारे लोगों के हितों के अनुरूप है। रूस और उत्तर कोरिया का साथ आना कोरियाई प्रायद्वीप और उत्तर-पूर्व एशिया की सुरक्षा और स्थिरता में मदद करेगा। पुतिन ने अपने संदेश में इस बात का भी जिक्र किया कि सोवियत यूनियन दुनिया का वह पहला देश था, जिसने उत्तर कोरिया की सरकार को मान्यता दी। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच



संबंध हमेशा दोस्ती, अच्छे पड़ोसी और आपसी सम्मान के सिद्धांतों पर आधारित रहे हैं। किम जोंग उन की अच्छी सेहत की कामना करते हुए पुतिन ने उत्तर कोरिया के सभी नागरिकों के लिए शांति और उन्नति की प्रार्थना भी की। उन्होंने कहा कि वे उत्तर कोरिया को एक जरूरी साझेदार के तौर पर देखते हैं, जो जरूरत पड़ने पर उनकी और उनके देश की मदद कर सकता है।

# एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में काठमांडू एयरपोर्ट कस्टम के तीन अधिकारी गिरफ्तार

**काठमांडू।** हांगकांग से काठमांडू लाए गए एक क्विंटल सोने की तस्करी मामलेड्ढ में जांच कर रही केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने विमानस्थल में कार्यरत कस्टम विभाग के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। सोने की खेप को विमानस्थल से बाहर निकलवाने में इन तीनों अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

सीआईबी के एआईजी किरण बज्राचार्य ने बताया कि सोने की तस्करी मामले में आज त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर कार्यरत कस्टम विभाग के अधिकारी पुष्पा जोशी, वीरेन्द्र नेपाली और कमल परियार को




लम्बी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान सोने की खेप को विमानस्थल से बाहर निकलवाने में इन तीनों अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिली है। सीआईबी को इनके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं। हांगकांग से ब्रेक शू के भीतर सोना रखकर तस्करी किया जा रहा था। इसके लिए तस्कर बाकायदा एक फर्जी कंपनी बनाकर उसके जरिए तस्करी का सोना नेपाल ला रहे थे। सीआईबी ने सोने की तस्करी मामले में अब तक 12 चीनी नागरिक सहित कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो लोगों को भारत से गिरफ्तार कर नेपाल लाया जा चुका है। इस मामले की जांच के लिए सीआईबी की एक टीम हांगकांग में तो एक टीम दिल्ली में मौजूद है।

## मर्द प्रधान' देश में अब महिला बन सकती है राष्ट्रपति, 52फीसदी

**मैक्सिको।** विश्व में महिलाएं हर मोर्चों में आगे बढ़ रही हैं। पूरी दुनिया की तरह मैक्सिको में भी महिलाओं का दबदबा बढ़ता जा रहा है फिर चाहे वह राजनीति हो या कोई अन्य क्षेत्र। 21वीं शताब्दी की शुरुआत में मैक्सिकन महिलाओं ने राजनीति में प्रवेश किया। मैक्सिको में 2024 में राष्ट्रपति पद का चुनाव होने वाला है, जिसके लिए मैक्सिकन सत्तारूढ़ दल ने हाल ही में क्लाउडिया शीनबाम को राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में नामित किया है तो वहीं जोचिटल गैल्वेज मुख्य विपक्षी दावेदार के रूप में नामित हुई हैं। मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार जोसेफिना वाजक्वेज मोटा ने कहा कि दोनों महिला उम्मीदवारों ने राजनीति में तब प्रवेश किया जब देश में पांच में से चार सीनेटर पुरुष थे। मुझे यकीन है कि यह एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है। सचिव मारिया डेल कारमेन का कहना है कि एक बार जरा कल्पना कीजिए कि मैक्सिको जैसे मर्दवादी देश में एक महिला राष्ट्रपति हो और यहां पुरुषों के बराबर महिलाओं का वेतन हो। वहीं, एंजेलिका रोड्रिग्ज का कहना है कि हमने इन नए बदलावों को महसूस करना शुरू कर दिया है। सिर्फ गर्भवती होने के कारण मैंने 20 साल पहले अपनी सरकारी खो दी थी। क्योंकि, यहां पुरुष सिर्फ पुरुषों को ही नौकरी देना चाहते थे।

# गौहत्या के विरोध करने के लिए काठमांडू में हजारों लोग सड़क पर उतरे

**काठमांडू।** कुछ दिन पहले धरान शहर में हुए गौहत्या के विरोध में आज राजधानी काठमांडू में हजारों लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया है। नेपाल के विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर लोगों ने गौहत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। विहिप नेपाल सहित नेपाल में कार्यरत करीब दो दर्जन धार्मिक संघ ... गौहत्या कानून को सख्ती से लागू करने और नेपाल को पुन: हिन्दू



राष्ट्र के रूप में संवैधानिक मान्यता देने की भी मांग की।

विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय संगठन महासचिव प्रह्लाद रेग्मी ने बताया कि नेपाल में सनातन धर्म और संस्कृति के खिलाफ चौतरफा प्रहार होने के कारण सचेत कराने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले गौहत्या कर सामूहिक भोज करते हुए उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया था, जिससे नेपाल का पूरा हिन्दू समाज उद्वेलित है।

विहिप नेपाल के महासचिव जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि नेपाल में गौहत्या कानूनी रूप से प्रतिबन्धित होने के बावजूद खुलेआम इसे अंजाम देने और उसके विरोध में हिन्दू समाज को प्रदर्शन करने भी न देने से समाज में आक्रोश बढ रहा है। धरान में गौहत्या के विरोध में हिन्दुओं के विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कर्फ्यू तक लगा दिया था। न सोच सके।

# अमेरिका ने जब्त किया ईरान का दस लाख बैरल कच्चा तेल, ईरान ने लगाया डकैती का आरोप

**वाशिंगटन/ तेहरान।** अमेरिका ने ईरान का दस लाख बैरल कच्चा तेल जब्त कर लिया है। ईरान ने अमेरिका की निंदा करते हुए इसे डकैती करार दिया है। अमेरिका के न्यायिक विभाग ने दस लाख बैरल तेल वाले ईरानी कार्गो को जब्त किये जाने की जानकारी दी। न्यायिक विभाग ने एक बयान में कहा कि यह उस कंपनी से जुड़ा आपराधिक मामला है, जिसने ईरान के तेल की अवैध बिक्री और परिवहन की सुविधा देकर प्रतिबंधों का उल्लंघन किया है। ईरान के तेल की जब्ती के बाद वॉशिंगटन ने तेहरान पर खाड़ी पार करने वाले कई जहाजों को जब्त करने का आरोप लगाया। हालांकि, ईरान ने अंतरराष्ट्रीय



जल में ईरानी संपत्ति पर कब्जा करना समुद्री डकैती के बराबर बताया है। वहीं अमेरिका ईरान के तेल जहाजों को रोकने को कानून प्रवर्तन के रूप में मानता है। अगस्त में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि वाशिंगटन बढ़ते परमाणु खतरों को कम करने के लिए तेहरान के किसी भी कदम का स्वागत करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि ईरान की हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को वापस लाने की प्रक्रिया जारी है। साल 2015 के परमाणु समझौते में ईरान ने आर्थिक प्रतिबंध हटाने के बदले में अपने परमाणु विकास को घटा दिया था, जिसे अब पुनर्जीवित करना अमेरिका और ईरान दोनों के लिए मुश्किल हो गया है। यह डील वर्ष 2018 में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रद्द कर दी थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सीतारमण ने चीन के वित्त मंत्री लियू कुन से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर चीन के वित्त मंत्री लियू कुन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने जी-20 से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जी-20 शिखर




सम्मेलन के दूसरे दिन चीन के अपने समकक्ष लियू कुन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के वित्त मंत्रियों ने जी-20 से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन ह्यनई दिल्ली घोषणापत्रह्ल को आम सहमति से पारित किया गया। वित्त मंत्री सीतारमण ने कल प्रेस कांफ्रेंस में बहुपक्षीय विकास बैंक को मजबूत बनाने के लिए आम सहमति बनने की जानकारी दी थी।

# अमेरिका 2026 में करेगा जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 2026 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की पुष्टि की है। उसने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी कई समस्याओं से जूझ रही है भारत की अध्यक्षता में हुए इस साल के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन ने यह साबित कर दिया कि अभी भी जी-20 सबसे गंभीर मामलों का हल निकाल सकता है।

2026 में यह सम्मेलन राजधानी वाशिंगटन में होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में व्हाइट हाउस के हवाले से शनिवार को जारी उसके बयान के आधार पर यह जानकारी दी गई है। माडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन सबसे गंभीर मुद्दों का हल निकालने की दिशा में एक बड़ा कदम है। व्हाइट हाउस का यह बयान दिल्ली की घोषणा के तुरंत बाद आया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका भारत की जी-20 अध्यक्षता में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसकी शुरूआत 2024 में ब्राजील और 2025 में दक्षिण अफ्रीका की प्रेसीडेंसी से होगी।